# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित


सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 168 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 17 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

मेट्रो अस्पताल ने हायपरटेंशन के प्रति




P- 4

मुजफ्फरनगर में ऑनर किलिंग : प्रेमी से बात करने पर पिता ने बेटी



P- 5

पाकिस्तान में सुखदेव को राष्ट्रीय नायक और स्कूल के पाठयक्रम में शामिल



P- 6

फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने लिया संन्यास, बोले- नए लोगों को मौका



## हैप्पी मॉर्निंग

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्यों?
पुलिस- हमें कुछ बात करनी है।
चिंटू- तुम लोग कितने हो?
पुलिस- हम तीन हैं।
चिंटू- तो आपस में बात कर लो, मेरे पास टाइम नहीं है!!




## शायरी

काँटों से गुज़र जाता हूँ दामन को बचा कर
फूलों की सियासत से मैं बेगाना नहीं हूँ

## अर्थसार

सेंसेक्स:
73,663.72
+676.69 (0.93%)
निफ्टी:
22,403.85
+203.30



## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूयोदय शनिवार : 5 : 31
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 14

# पहले चार चरणों में करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ

## अब तक 45.10 करोड़ लोगों ने वोट डाला, 543 में से 380 सीटों पर चुनाव पूरा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में औसतन 66.95 फीसदी मतदान हुआ है। अब तक 97 करोड़ में से 45.10 करोड़ वोटर्स ने मतदान किया है। चुनाव आयोग ने यह जानकारी गुरुवार 16 मई को दी।

आयोग के मुताबिक, 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में 69.16 फीसदी वोटिंग हुई। यह 2019 के लोकसभा चुनावों में इसी (चौथे) चरण की तुलना में 3.65 फीसदी ज्यादा है। चुनाव के तीसरे चरण में 65.69 फीसदी मतदान हुआ, जबकि 2019 चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 फीसदी मतदान हुआ था।

543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है।



20 मई तक कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर मतदान होगा।

### वोटर्स को सुविधाएं देने पर आयोग का फोकस

चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के बाकी चरणों में फोकस मतदाताओं को जागरूक करने और सुविधाएं देने पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि बड़ी-बड़ी हस्तियां लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक कर रही हैं। आयुक्त ने आने वाले चरणों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और मतदान करने की अपील की है।

## बेटे ज्योतिरादित्य ने दी मां माधवी राजे को मुखाग्नि

ग्वालियर। ग्वालियर में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और राजमाता माधवी राजे का सिंधिया राजसी परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां माधवी राजे को मुखाग्नि दी। इससे पहले मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराए गए। ग्वालियर में सिंधिया छत्री पर राजमाता माधवी राजे को अंतिम विदाई देने के लिए कई वीवीआईपी और आम लोग भी पहुंचे। लोगों ने नम आंखों से राजमाता को अंतिम विदाई दी। इससे पहले रानी महल से पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें कई वीवीआईपी के साथ ही आमजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं। बता दें कि गुरुवार सुबह उनकी पार्थिव देह दिल्ली से ग्वालियर लाई गई। यहां रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दो बाइक आपस में भिड़ीं, मां-बेटे, नातिन समेत 4 की मौत

## एक बच्ची गंभीर घायल, जबलपुर किया रेफर

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर में स्टेट हाइवे 44 पर दो बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में मां-बेटे, नातिन और दूसरी बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई।

घटना साईंखेड़ा-झिकोली मार्ग पर गुरुवार शाम 4 बजे की है। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जबलपुर रेफर किया गया है।

साईंखेड़ा थाना प्रभारी संग्राम सिंह ने बताया कि घटना खेमारिया फार्म हाउस के पास हुई। एक बाइक पर मुन्नी बाई नौरिया (50) अपने बेटे कृष्णपाल नौरिया (19) और दो नातिन राधिका (12) और हेमलता नौरिया (9) सवार थे।



वहीं दूसरी बाइक पर एक युवक अर्जुन नौरिया (26) सवार था। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक बच्ची हेमलता नौरिया (9) गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले मुन्नीबाई के परिजन ने बताया कि हम सभी इलाज के लिए भोपाल जा रहे थे। हमारी बाइक आगे निकल गई थी। जब बहुत समय तक वे नहीं दिखे तो हम वापस लौटे। मौके पर देखा तो वहां भीड़ जमा थी। तब हादसे का पता चला।

### दूसरा बाइक सवार युवक रायसेन का रहने वाला

बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर सवार युवक अर्जुन नौरिया रायसेन के देवरी थाना क्षेत्र में पतई गांव का रहने वाला था।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने गुरुवार को 2 संदिग्ध आतंकियों को मार गिराया। दोनों लाइन ऑफ कंट्रोल से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के शव तंगधार सेक्टर में बाड़ के दूसरी ओर तरफ पड़े देखे गए। इनके पास से तलाशी के दौरान 2 पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। दोनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है। अभी भी एनकाउंटर जारी है। पिछले महीने 5 अप्रैल को बारामुला जिले के उरी में स्पष्ट से घुसपैठ की कोशिश में एक आतंकवादी मार गिराया गया था। इस दौरान दूसरी तरफ से भी गोलीबारी हुई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को छह आतंकवादियों के स्कैच जारी किए। इन आतंकियों ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में पाकिस्तान से घुसपैठ की। इन्होंने जंगल में भागने से पहले गांव के विलेज गार्ड की हत्या कर दी थी। ये स्कैच विभिन्न एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के बाद तैयार किए गए हैं। इस केस में पुलिस एक ओवरग्राउंड वर्कर को भी गिरफ्तारी कर चुकी है।

# ओडिशा के गंजाम में भाजपा-बीजेडी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

## भाजपा कार्यकर्ता की मौत, 7 घायल; प्रचार के लिए पोस्टर लगाने को लेकर झड़प हुई थी

गंजाम। ओडिशा के गंजाम जिले में भाजपा और बीजू जनता दल कार्यकर्ताओं के बीच बुधवार देर रात पोस्टर लगाने को लेकर झड़प हो गई। इस घटना में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई, वहीं 7 लोग घायल हो गए। मारे गए शख्स की पहचान दिलीप कुमार पहाना (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि गंजाम के खालीकोटे के श्रीक्रुष्ण सारनपुर गांव में ये घटना हुई। भाजपा और बीजेडी दोनों पार्टियों के



कार्यकर्ताओं के हाथ में नुकीले हथियार थे। गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर खलीकोट विधानसभा सीट के बीजेडी उम्मीदवार और मौजूदा विधायक सूर्यमणि बैद्य के घर के पास खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना को लेकर स्टेट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को इलाके में शांति स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि चुनावी हिंसा रोकने के लिए तुरंत अहम फैसले लें।

### नवीन पटनायक ने शोक जताया

घटना को लेकर ओडिशा के चीफ मिनिस्टर नवीन पटनायक ने कहा- खलीकोट में जो हुआ, उसके बारे में सुनकर काफी दुख पहुंचा है। हमारे लोकतंत्र और सिविल सोसाइटी में हिंसा की ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। घटना में जिस कार्यकर्ता की मौत हुई, उसके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायल लोगों के जल्दी स्वस्थ होने की भी मैं कामना करूंगा। पुलिस इस घटना को लेकर उचित एक्शन लेगी। उधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी घटना को लेकर दुख जताया है। ओडिशा के भुवनेश्वर में रोड शो करने के दौरान उन्होंने कहा- दो पार्टियों के बीच एसी झड़प नहीं होनी चाहिए।

साइड इफेक्ट्स | स्टडी में सांस का इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे; बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई रिसर्च

# कोवीशील्ड के बाद कोवैक्सिन से साइड इफेक्ट्स का दावा

भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (क्ष्ण।) में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं।

इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है।




हालांकि कुछ दिन पहले कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सिन के दो डोज लगवाए थे।

### लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन बढ़ रहा

स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने कहा, हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया था। 1,024 लोगों पर स्टडी हुई। इनमें से 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल थे।

स्टडी के मुताबिक, 304 (47.9 प्रतिशत) किशोरों और 124 (42.6 प्रतिशत) वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन (अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) देखे गए। इससे लोगों में सर्दी, खांसी जैसी समस्याएं देखी गईं।

### स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं

स्टडी में पाया गया कि स्टडी में हिस्सा लेने वाले टीनएजर्स में स्किन से जुड़ी बीमारियां (10.5 प्रतिशत), नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (4.7 प्रतिशत) और जनरल डिसऑर्डर (10.2 प्रतिशत) देखे गए। वहीं, वयस्कों में जनरल डिसऑर्डर (8.9 प्रतिशत), मांसपेशियों और हड्डियों से जुड़े डिसऑर्डर (5.8 प्रतिशत) और नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (5.5 प्रतिशत) देखे गए।

### गुलियन बेरी सिंड्रोम भी हो सकता है

कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स पर हुई स्टडी में 4.6 प्रतिशत किशोरियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं (अनियमित पीरियड्स) देखी गईं। प्रतिभागियों में आंखों से जुड़ी असामान्यताएं और हाइपोथायरायडिज्म भी देखा गया।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। गांधी ने कहा अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा - आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा - आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा - आपका एक वोट। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा,आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक़, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, ज़मीन पर आदिवासियों का अधिकार क़ायम रखेगा।

# मारपीट मामला : मालीवाल ने पुलिस को बयान देकर कार्रवाई की उम्मीद जताई

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मलीवाल ने उनके साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना को दुखद करार देते हुए कहा है कि उन्होंने पुलिस को बयान दिया है और उचित कार्रवाई की उम्मीद है। मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बदसलूकी के बारे में पुलिस को दिये बयान के बारे एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना बयान दिया है। मुझे



आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूँ। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। उन्होंने कहा, देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। भाजपा वालों से ख़ास गुज़ारिश है इस घटना पर राजनीति न करें। ग़ौरतलब है स्वाति के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्री केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने दुर्व्यवहार किया था। इस घटना की पार्टी की ओर से बुधवार कोनिंदा की गई और कहा गया कि मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया है।

# बिलबोर्ड मालिक भावेश भिंडे गिरफ्तार

मुंबई पुलिस ने घाटकोपर में विशाल होर्डिंग लगाने वाली कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को बृहस्पतिवार को उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घाटकोपर में होर्डिंग के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गयी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा टीम ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग लगाने के लिए जिम्मेदार विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भिंडे को गिरफ्तार किया। मुंबई में सोमवार को धूल भरी तेज आंधी में होर्डिंग गिरने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 75 घायल हुए थे।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में उस जगह पर खोज एवं बचाव अभियान को अब बंद करने की घोषणा की है, जहां एक विशालकाय होर्डिंग गिर गया था। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम बैमोसम बारिश और तेज आंधी के दौरान छेड़ानगर इलाके में एक पेट्रोल पंप पर लगा विशालकाय होर्डिंग गिर गया था, जिसके बाद उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए 66 घंटे तक तक खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया।




# महंगाई पर काबू पाना हुआ कठिन

महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा।

सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है, मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई।

अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है।

इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थितियां और मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई दावा नहीं किया जा सकता।

विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है। कोयला आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है।

कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।

महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर काफी ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ेगा। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी।


फिर, चूंकि महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। इसीलिए अक्सर जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तब भी आम उपभोक्ता कोई राहत महसूस नहीं करता।

आम चुनाव की सरगर्मी में विपक्षी दलों ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया हुआ है। इसलिए थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं।

महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं।

दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं। जब तक अर्थव्यवस्था में कायम असंतुलन दूर करने का प्रयास नहीं होता, महंगाई पर काबू पाना कठिन ही बना रहेगा।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा



**ललित गर्ग**



लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फ़ासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दापाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीक़े में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ग़रीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव ज़रूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से ग़रीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम ग़रीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हक़ीक़त का। हालांकि यह देखना बाक़ी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है।

लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरुआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने ख़ुद को पार्टी विद डिफ़रेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को ख़त्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षो में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।

# टाईम पास

## चौथे स्तंभ की सजगता से ही जनतंत्र को मजबूती

देश का प्रधानमंत्री कुछ भी कहे उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, उस पर चर्चा भी होनी चाहिए। पर हाल ही में पटना के एक चुनावी आयोजन में उन्होंने एक पत्रकार से जो कुछ कहा, उसके बजाय उनका एक पत्रकार से रोड शो के दौरान बात करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले दस साल के शासनकाल में हमारे प्रधानमंत्री ने देश में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित नहीं किया है। हां, कुछ पत्रकारों से अलग-अलग बातचीत अवश्य करते रहे हैं, पर इन सारी मुलाकातों को 'प्रायोजित' ही समझा जाता रहा है। यह भी अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है कि ऐसी मुलाकातों में से एक जो सबसे ज़्यादा चर्चित रही है उसमें प्रधानमंत्री से 'आप आम कैसे खाते हैं' जैसे सवाल पूछे गये थे!


बहरहाल, एक टीवी चैनल के पत्रकार से रोड शो के दौरान हुई बातचीत की घटना को अखबारों की सुर्खी बनना ही था। चैनलों पर भी इस मुलाकात को लेकर विशेष चर्चाएं आयोजित हुईं। यह भले ही किसी को याद न रहा हो कि इस बातचीत में क्या मुद्दे उठाये गये, पर यह सब को याद होगा कि दस साल की चुप्पी के बाद प्रधानमंत्री ने इस तरह से पत्रकार के सवालों का जवाब दिया। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस इंटरव्यू के बाद समाचार चैनलों और अखबारों के प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री की बातचीत का दौर-सा चल पड़ा। कयास इस बारे में लगाये जा रहे हैं कि अचानक प्रधानमंत्री जी को पत्रकारों से इस तरह बात करना ज़रूरी क्यों लगने लगा है। और चर्चा इस बात की भी है कि आम-चुनाव के तीन दौर समाप्त होने के बाद मतदाता की 'उदासीनता' देखकर राजनेताओं, विशेषकर सत्तारूढ़ दल भाजपा, के नेताओं को लगने लगा है कि रणनीति कुछ बदलने की ज़रूरत है।

इस बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, विभिन्न राय हो सकती हैं, पर मीडिया को लेकर प्रधानमंत्री के रुख में आया यह परिवर्तन स्वागतयोग्य है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पत्रकार-समाज इस अवसर का समुचित उपयोग करने की कोशिश करेगा। उम्मीद यह भी की जानी चाहिए कि यदि पत्रकारों को आगे भी ऐसे अवसर मिलते हैं तो पत्रकार निर्भीकता और ईमानदारी के साथ सवाल पूछेंगे और उन्हें समुचित उत्तर मिलेंगे। बात सिर्फ सवाल पूछने और उत्तर मिलने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, यदि किसी सवाल का सम्यक उत्तर नहीं मिलता तो पत्रकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह निर्भीकतापूर्वक पूरा उत्तर प्राप्त करने की कोशिश करेगा।

इस संदर्भ में मुझे एक बड़े अखबार के बड़े पत्रकार की ऐसी ही बातचीत याद आ रही है। पत्रकार ने प्रधानमंत्री से पूछा था- चुनाव प्रचार में इस बार धर्म-आधारित भाषण ज़्यादा हो रहे हैं, आप इन्हें कैसे देखते हैं? इस प्रश्न का जो उत्तर प्रधानमंत्री ने दिया, वह इस प्रकार छपा है-' आप कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखिए। उसके शहजादे का भाषण देखिए। मनमोहन सिंह की सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखिए। उसमें सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण की भावना नज़र आयेगी। तुष्टीकरण कांग्रेस का मूल स्वभाव बन गया है। इसके बिना उनकी राजनीति नहीं चल सकती। यह मेरा दायित्व है कि मैं तथ्यों को देश के सामने रखूं। मैं उनका पिछला ट्रेक रिकॉर्ड जनता को बता रहा हूं। वो किस सोच के तहत काम करते हैं, ये देश को जानना आवश्यक है।'

पता नहीं जो चार सवाल और उनके उत्तर अखबार में छपे हैं इसके अलावा भी प्रधानमंत्री जी ने कुछ कहा था, लेकिन यह एक उत्तर पूछे गये सवाल के साथ न्याय नहीं करता। चुनाव में धर्म आधारित भाषण की बात सभी दलों पर लागू होती है। प्रधानमंत्रीजी से यह पूछा जाना चाहिए था कि सवाल भाजपा के नेताओं से भी संबंधित है और उनसे यह अपेक्षा है कि वे बतायेंगे कि भाजपा के नेता ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन यह पूछा नहीं गया और न ही स्वयं प्रधानमंत्री जी ने इस बारे में कुछ कहना जरूरी समझा।

## काकुरो पहेली - 3184




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

11 → 1 2 3 5
7 ↓ 1, 2, 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3183 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूँगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूँगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूँगा।

□ □ □

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा- यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।

गीता- क्यों क्या किया रमन ने?


शीला- कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा- अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता- तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला- दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3184



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3183



## सूडोकु -3184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 3184



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -3183 का हल



# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

## लड़की भगाने का था आरोप, भाई बोला- छोड़ने को मांगे थे 5 लाख, पूरी चौकी सस्पेंड

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की चिपयाना चौकी में पुलिस कस्टडी में युवक की मौत हो गई। उस पर एक लड़की को भगाने का आरोप था। पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे कस्टडी में रखा था। मौत के बाद पुलिस का कहना है कि उसने सुसाइड कर लिया। चौकी के अंदर बैरक की साइड में युवक के फांसी के फंदे पर लटके होने की तस्वीर सामने आई है। घटना पर कार्रवाई करते हुए कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पूरी चौकी को निलंबित कर दिया।

एसीपी और थाना प्रभारी की रिपोर्ट भी तीन दिन के अंदर मांगी है।

बिसरख थाने की चिपयाना पुलिस चौकी की टीम योगेश नाम के एक युवक को रात में उठाकर लाई थी। जोकि मूलरूप से खैर, अलीगढ़ का रहने वाला था। वो यहां पर एक बेकरी में काम करता था। उसके साथ काम करने वाली युवती लापता हो गई थी। युवक पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप था। इसी मामले में पुलिस पूछताछ के लिए उसे लेकर आई थी।

### मौत की सूचना पर परिजनों ने शुरू किया हंगामा

योगेश को चिपयाना चौकी में रखा गया था। सुबह 10 बजे के करीब उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ






मिला। बताया जा रहा है कि रात 11 बजे तक युवक ठीक था। परिजनों का आरोप है कि उससे मिलने की कई बार कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने मिलने नहीं दिया। भाई ने कहा- हम सुबह पहुंचे तो मेरे भाई का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस वालों ने देखा तो उसे उतारकर अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

### साथ काम करने वाली लड़की से थी दोस्ती

जिस बेकरी में योगेश काम करता था, वहां साथ काम करने वाली लड़की से उसकी दोस्ती थी। कुछ दिन पहले ही वह लड़की कहीं गायब हो गई थी। इसी को लेकर उसके परिजनों ने युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की थी।

### भाई ने पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया

मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया कि पुलिस वाले रात में मेरे भाई को घर से उठा लाए थे। इन लोगों ने मुझसे रुपए मांगे। 5 लाख रुपए मांगे तो मैंने 50 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद 1 हजार रुपए दारू पीने के लिए मांगे, मैंने वो भी दे दिए। मैंने कहा था कि बाकी रुपए सुबह दे दूंगा। पुलिस वाले बोले- सुबह तेरे भाई को छोड़ देंगे। इन लोगों ने फांसी लगाकर मेरे भाई को मार दिया है। मैं सुबह 6 बजे से यहां खड़ा हूं। रात में भी मैं 11 बजे तक यहीं था।

### डीसीपी नोएडा करेंगे मामले की जांच

पुलिस कस्टडी में सुसाइड की सूचना पर आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने तत्काल प्रभाव से पूरी चौकी को निलंबित कर दिया। इसके अलावा थाना प्रभारी और एसीपी की जांच भी जांच की जाएगी। इस पूरे मामले की जांच डीसीपी नोएडा करेंगे।

### कमिश्नर बोलीं- जांच के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि युवक योगेश कुमार पुत्र- तेजवीर, मूलरूप से खैर अलीगढ़ का रहने वाला था। वह यहां पर एक डोनल्ड कंपनी बेकरी की दुकान में काम करता था। इनकी सहकर्मी ने इनके ऊपर कुछ एलीगेशन लगाए थे। इसकी जांच के लिए इन्हें चौकी बुलाया गया था। आज सुबह करीब 10 बजे साइड में लगे बैरक में अपने अंगौछे से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। तुरंत पुलिसकर्मियों ने युवक को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिसकर्मियों के रुपए मांगे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और अभी इनीशियल स्टेज में जांच है। हमें कुछ गाइडलाइन का पालन करना होता है। अभी हम प्रोसीजर पूरा कर रहे हैं। फील्ड यूनिट और आला अधिकारी सभी मौके पर मौजूद हैं। मामले की जांच की जा रही है, जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मेट्रो अस्पताल ने हायपरटेंशन के प्रति किया जागरूक

## डॉक्टर बोले ,10-15 सालों में तेजी से बढ़ी बीमारी



नोएडा। हायपरटेंशन भारतीय युवाओं में सबसे आम बीमारियों में से एक है। पिछले 10-15 सालों में यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है। जिससे स्ट्रोक, हृदय रोग और किडनी संबंधी बीमारियों का खतरा पैदा हो रहा है। ऐसे में नोएडा के मेट्रो अस्पताल में वर्ल्ड हायपरटेंशन डे मनाया गया। जिसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देना और सभी देशों के लोगों को इस खतरनाक रोग को नियंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने कहा कि उच्च रक्तचाप शायद ही कभी शुरुआती चरणों में लक्षण पैदा करता है। अधिकांश लोगों में इसका निदान नहीं हो पाता है और इस प्रकार यह हृदय स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है। उच्च रक्तचाप, यदि बेकाबू छोड़ दिया जाए। ऐसे में ये एक साइलेंट किलर के समान है। धीरे-धीरे हृदय की नाजुक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाता रहता है। नियमित व्यायाम, कम सोडियम, संतुलित आहार, कम तनाव जीवन शैली ही इसका एक बचाव है।

उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप समय से पहले मृत्यु और विकलांगता के साथ हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी फेल जैसी बीमारी को बढ़ावा देता है। उच्च दबाव के कारण मस्तिष्क में रक्त वाहिका में एन्यूरिज्म विकसित हो सकते हैं। जिससे उनके बंद होने और फटने की संभावना अधिक हो जाती है। रक्त वाहिका में बढ़ा हुआ दबाव भी मस्तिष्क में रक्त के रिसाव का कारण बन सकता है। जिससे स्ट्रोक हो सकता है। दुनिया भर में मौत के जोखिम कारक में उच्च रक्तचाप अभी भी शीर्ष सूची में है।

डॉ. समीर गुप्ता (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) ने कहा कि उच्च रक्तचाप कार्डियो सेरेब्रोवास्कुलर रोग (सीवीडी) के लिए सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारणों में से एक है। भारत में सीवीडी के कारण हर साल 20 लाख से अधिक लोग मरते हैं। जिनमें से आधे मामलों में उच्च रक्तचाप मूल कारण है। बुजुर्गों, मोटे लोगों और मधुमेह रोगियों में इसका प्रचलन अधिक है। साइलेंट किलर को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना महत्वपूर्ण है।

# ग्रेटर नोएडा में 10वीं मंजिल से कूदी छात्रा, मौत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एक 12वीं की छात्रा ने 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी। लोगों ने घायल छात्रा को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। कम नंबर आने से छात्रा के परेशान होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बिसरख थाना क्षेत्र की गौर सिटी- 2 की एग्जॉटिका ड्रीम वैली सोसाइटी के टॉवर 10 की 10वी मंजिल से 17 साल की छात्रा ने छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही चारों तरफ की सोसाइटी के घरों में अफरा-तफरी मच गई और छात्रा के परिजनों को इसके बारे में जानकारी दी गई। आनन-फानन में उसको नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने छात्रा को मृत को घोषित कर दिया।

### घर वाले लगातार समझा रहे थे

छात्रा का नाम ईशानी जैन है। बताया जा रहा है कि अभी कुछ दिन पहले ही उसका सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट आया था और उसके 80त्न मार्क्स आए थे। वह अपने नंबरों को लेकर काफी परेशान थी, उसे उम्मीद थी कि उसके और ज्यादा नंबर आएंगे। घर वालों ने भी उसको काफी समझाया, लेकिन वह लगातार मानसिक तनाव ले रही थी। हालांकि आत्महत्या करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

## नर्स समेत 2 की मौत, 3 लोग घायल; हिरासत में लिए गए दो लोग

नोएडा। नोएडा में गुरुवार सुबह 6 बजे एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। बीएमडब्ल्यू सवार दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं कार सवार एक युवक मौके से फरार हो गया।

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे के आसपास सूचना मिली कि सिटी सेंटर से 12-22 की ओर आ रहे एक ई-रिक्शा को तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने टक्कर मार दी है। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा यूपी 16 जेटी 4052, जिसमें चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे। सिटी सेंटर से 12-22 की तरफ जा रहा था। सुमित्रा हॉस्पिटल के सामने एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू एचआर 26 ईबी 7770 ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।





जिसमें दो लोगों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इनकी पहचान मोहम्मद मुस्तफा पुत्र कदम रसूल उम्र 50 साल और रश्मि स्टाफ नर्स मेट्रो हास्पिटल उम्र 25 साल की मौत हो गई। वहीं राजेंद्र पुत्र रामदास निवासी गिझौड रिक्शा चालक उम्र 45 साल, पवन उम्र 27 साल और सूरज उम्र 20 साल को सेक्टर-110 स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

एडीसीपी ने बताया कि बीएमडब्ल्यू एचआर 26 ईबी 7770 पर सवार व्यक्ति तुषार पुत्र सुरेंद्र कुमार, आदि पुत्र संदीप बत्रा को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

वहीं इनका साथी अमन सिसौदिया पुत्र अजय सिसौदिया मौके से फरार हो गया है। तीनों युवक सेक्टर-41 के रहने वाले है।

एडीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बीएमडब्ल्यू की रफ्तार तेज थी। इस वजह से हादसा हुआ। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# नोएडा में धोखाधड़ी के आरोप में 13 पर मुकदमा

## कंपनी के ऑफिशियल प्रतिनिधि ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई एफआईआर

नोएडा। नोएडा के कोतवाली कासना के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी के साथ गलत तरीके से एग्रीमेंट हासिल करने, डेटा का गलत इस्तेमाल करने और कंपनी का डेटा डिलीट करने का मामला सामने आया है।

कंपनी के ऑफिशियल प्रतिनिधि ने कोर्ट के आदेश पर 13 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

नेक्सजेन एनेर्जिया लिमिटेड के ऑफिशियल प्रतिनिधि संजय दुबे ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपियों ने साल 2023 में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। एक पेट्रोल पंप के लिए एग्रीमेंट किया। बाद में यह लोग ग्राहकों का डेटा एकत्र करके उसका गलत इस्तेमाल करने लगे।




यही नहीं इन लोगों ने कंपनी का वॉट्सऐप ग्रुप बनाया। जिसमें कंपनी के ग्राहकों को जोड़ा और उनको मिस गाइड भी किया।

कंपनी का डेटा भी एकत्र किया और इसका गलत प्रयोग किया। इस मामले में संजय दुबे ने मुकेश खत्री, हरियाणा के हिसार के सुमित विश्नोई, विभानी के विजय कुमार, ओम प्रकाश पाराशर, फतेहाबाद के विनय कुमार के अलावा महाराष्ट्र पालघर के विनोद ठाकुर, नांदेड़ के राम निवास, जहानाबाद के शैलेंद्र कुमार, रोहतास बिहार की रूबी कुमारी, वाराणसी की शशि प्रभा, नवी मुंबई के अबसार अहमद, दौसा राजस्थान के रवि शर्मा और रोहतक के सतेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में और लोग भी घेरे में आ सकते है।

# ग्रेटर-नोएडा में पूर्व-ब्लॉक-प्रमुख के बेटे को पैर में मारी गोली

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बेटे को गोली मारने का मामला सामने आया है। जहां दो दोस्त उसको अपनी गाड़ी में बिठाकर ले गए और विवाद होने के बाद पैर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है, युवक गोली लगने से घायल हो गया है।

दरसअल दादरी थाना क्षेत्र के कठेहरा गांव निवासी अविनाश की दादरी में पिज़्ज़ा हट रेस्टोरेंट है ।वह पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र भाटी के बेटे है। बुधवार देर शाम अरुण निवासी चिटहेड़ा व विकास निवासी बडपुरा उसके रेस्टोरेंट पर पहुंचे ।उसके बाद में अविनाश को अपनी गाड़ी में बिठाकर वहां से निकल गए। बताया जा रहा है कि वह पहले से ही अविनाश के परिचय थे। वह दोनों लोग उसको अपनी स्विफ्ट गाड़ी में बिठाकर थाना बादलपुर क्षेत्र के गांव बमबावड़ ले गए। जहां उन लोगो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद होने पर उन लोगो ने अविनाश के पैर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद गोली लगने से घायल हुए अविनाश ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी ।घायल अविनाश को इलाज के लिए परिजनों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे एक ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रोजाना 5 करोड़ की शराब डकार रहे हैं जिले के निवासी

ग्रेटर नोएडा। जिले के लोग शराब पीने के काफी शौकीन है। उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रोजाना 5 करोड़ की शराब बिक रही है। सबसे अधिक अंग्रेजी शराब की बिक्री है। जबकि बीयर और देशी शराब की बिक्री लगभग बराबर हो रही हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में जिले के लोगों ने 1851 करोड़ रुपये की शराब पी थी।

जिले में अंग्रेजी शराब की 141, देशी की 232 और बीयर की 140 दुकानें हैं। एक अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच लोगों ने 1,13,20,254 लीट अंग्रेजी शराब खरीदी। जो 755 करोड़ की थी। रोजाना औसतन 31,014 लीटर शराब खरीदी है। जिस पर लोगों ने 2.06 करोड़ की लूटाए हैं। इसके बाद शराब के शौकिनों ने देशी शराब पर पैसा खर्च किया है। एक साल में लोगों ने 557 करोड़ रुपये खर्च कर 2,16,79,192 लीटर देशी शराब खरीदी हैं। यानि रोजाना 1.52 करोड़ रुपये खर्च किया गया। वहीं पिछले वर्ष 4,49,46,322 केन खरीदी गई। जो 539 करोड़ की हैं। लोगों ने औसतन 1.47 करोड़ की बीयर रोजाना खरीदी है। रोजाना औसतन 1.23 लाख केन बीयर की खरीदी गई है। एक साल में जिले के लोगों ने शराब पर 1851 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आबकारी विभाग को शराब की बिक्री और अन्य कार्रवाई से 1974 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था।

### भांग के भी नहीं कम शौकीन, 1200 किग्रा बिकी

गौतमबुद्ध नगर में भांग के शौकी भी कम नहीं है। हर वर्ष एक हजार किग्रा से अधिक भांग बिक रही है। जिले में भांग की एकमात्र दुकान हैं। जो नोएडा में है। उस पर पिछले वित्तीय वर्ष में 1200 किग्रा भांग बिकी। जो करीब 25 लाख रुपये की थी।

# आईटी कंपनियों को भी मिले सस्ती बिजली

नोएडा। आईटी कंपनियों को उद्योगों की तरह सस्ती दरों पर बिजली मिलनी चाहिए। इसकी मांग एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन से की है। उद्यमियों का कहना है कि विद्युत वितरण निगम के अधिकारी-कर्मचारी नोएडा में सरकार के मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं। सरकार उद्योगों को बढ़ावा देना चाहती है लेकिन निगम के कर्मचारी-अधिकारी उद्योगों के सामने मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को प्रबंध निदेशक के साथ वर्चुअल बैठक में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने यह मुद्दा उठाया। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा के 25 हजार से ज्यादा उद्योगों की समस्याओं से भी प्रबंध निदेशक को रूबरू कराया गया। औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बने बिजनेस प्लान 2024-25 पर यह बैठक रखी गई थी।

# प्राधिकरण के चेतावनी बोर्ड पर पेंट कर हो रही अवैध प्लॉटिंग

ग्रेटर नोएडा। नोएडा के सेक्टर-145 में हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में भू-माफिया खुलेआम अवैध कॉलोनी काट रहे हैं। गरीब जनता को 9 से 15 हजार रुपये प्रति गज में जमीन बेच रहे हैं। यहां तक कि माफिया ने प्राधिकरण के उस नोटिस बोर्ड को भी पेंट करा दिया है। जिस पर डूब क्षेत्र में प्लॉटिंग और निर्माण नहीं करने की चेतावनी है। पुलिस, प्राधिकरण और प्रशासन के अधिकारी सांठगांठ के कारण अनजान बने हैं।

हिंडन और यमुना नदी के डूब क्षेत्र में किसी भी तरह के निर्माण पर रोक है। लखनावली गांव ग्रेटर नोएडा का हिस्सा है, लेकिन कुछ जमीन डूब क्षेत्र में नोएडा की तरफ हैं। वहां पर प्राधिकरण का चेतावनी बोर्ड भी लगा है। जिस पर पेंट करा दिया है। करीब 50 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। वहां प्लॉट खरीदने वाले एक खरीदार व आसपास के लोगों का कहना है कि नरेंद्र कुमार झा कॉलोनी काट रहा है। कॉलोनाइजर पुस्ता से लगी जमीन को 12 से 15 हजार रुपये प्रति गज की दर से बेच रहे हैं। जबकि पुस्ता से कुछ अंदर की जमीन पर 9 से 12 हजार रुपये प्रति गज की दर से प्लॉट बेचे जा रहे हैं। डूब क्षेत्र में रजिस्ट्री बंद है, लेकिन लखनावली गांव की आबादी की जमीन के नाम से रजिस्ट्री की जा रही हैं।

> डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगातार नजर रखी जा रही है। अगर शिकायत मिलती है तो तत्काल टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई की जाती है। सेक्टर-145 के पास डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व )**

### केवल चेतावनी तक सीमित है प्रशासन

जिला प्रशासन ने हाल ही में डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण नहीं करने की चेतावनी जारी की थी। साथ ही कहा था कि अगर बाढ़ के दौरान किसी तरह का नुकसान होगा तो उसकी भरपाई सरकार नहीं करेगी।

निर्माण को रोकने व तत्काल हटाने की भी चेतावनी दी थी, लेकिन उसके बाद भी डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण चल रहा है।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में निकाली डेंगू जागरुकता रैली

गाजियाबाद। गाजियाबाद में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को जागरुकता रैली निकाली। इसमें शहर के विभिन्न स्कूल-कॉलेज के सैकड़ों स्टूडेंट्स भी शामिल हुए। इस दौरान डेंगू से बचाव और रोकथाम की जानकारी दी गई। रैली का शुभारंभ सीडीओ अभिनव गोपाल और सीएमओ भवतोष शंखधर ने हरी झंडी दिखाकर किया। ये रैली एमएमजी अस्पताल से प्रारंभ होकर हापुड़ मोड़, नवयुग मार्केट होते हुए भीमराव अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर सीडीओ अभिनव गोपाल ने लोगों से फुल ड्रेस कोड में रहने, घर के आसपास साफ-सफाई रखने, पानी इकट्ठा न होने देने की सलाह दी। ताकि डेंगू मच्छर प्रजनन को रोका जा सके। रैली के समापन पर प्रतिभागी स्कूलों को स्मृति चिह्न दिए गए। इस रैली में शंभूदयाल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, ठाकुरद्वारा स्कूल, एमबी गर्ल्स कॉलेज चंदरपुरी, गुरुनानक पब्लिक स्कूल लोहियानगर के छात्र-छात्रा शामिल हुए। इन स्कूलों की बैंड पार्टी ने अपनी-अपनी प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर WHO, यूनिसेफ, मलेरिया विभाग, क्षय रोग विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### 14 दिन के धरने के बाद छात्र-अभिभावक जीते

गाजियाबाद। गाजियाबाद के संजय नगर सेक्टर 23 के डीडीपीएस स्कूल में 14 दिन से छात्र और उनके अभिभावक लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को गाजियाबाद की पैरेंट एसोसिएशन का भी समर्थन प्राप्त था। दरअसल यहां के करीब 100 छात्रों को स्कूल ने 12 किलोमीटर दूर दूसरी ब्रांच में ट्रांसफर कर दिया था। साथ ही विरोध करने वाले छात्रों को ऑनलाइन क्लास से रिमूव कर दिया था। प्रशासन की दखल के बाद अब स्कूल छात्रों और अभिभावकों की मांग पर मान गया है। गाजियाबाद में पैरेंट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया की संजय नगर सेक्टर 23 के डीडीपीएस स्कूल में 14 दिनों से छात्र उनके अभिभावक और पैरेंट एसोसिएशन धरने पर थी। विवेक त्यागी के मुताबिक स्कूल यहां से करीब 100 छात्रों को दूसरी ब्रांच जो 12 किलोमीटर दूर है वहां ट्रांसफर कर रहा था। इतना ही नहीं विरोध करने पर खराब मौसम का बहाना बनाकर ऑनलाइन क्लास शुरू कर दी गई थी। साथ ही जो छात्र विरोध कर रहे थे उनको ऑनलाइन क्लास से रिमूव कर दिया था। ऐसे में प्रशासन से गुहार लगाई गई थी।

### पॉश इलाके में डेंटल क्लीनिक में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना वैशाली क्षेत्र के नीति खंड में डेंटल क्लीनिक में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन बेहद पॉश इलाके में आग लगने के चलते अफरा तफरी फैल गई। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई इसके बाद दमकलकर्मियों के साथ दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। काफी समय बाद कड़ी मशक्कत आग पर काबू पाया जा सका। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की गाजियाबाद के फायर स्टेशन वैशाली को कोसमोस डेंटल क्लिनिक नीति खंड में आग की सूचना प्राप्त हुई। यह डेंटल क्लिनिक इंदिरापुरम के नीतिखण्ड-3 प्लाट नंबर 769 पर है। आग की सूचना पर अग्निशमन अधिकारी सहित दमकल कर्मी दो फायर टेंडर के साथ मौके पर रवाना हुए। मौके पर जाकर देखा तो आग भवन के भूतल तल पर लगी थी। फायर यूनिट ने तेजी से होज लाइन फैला कर आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर बाद फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही की आग आसपास में और नहीं फैली।

### गाजियाबाद की गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गत्ता फैक्ट्री में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए फायर फाइटर्स को फैक्ट्री की टीनशेड और शटर तोड़ना पड़ा। करीब 8 दमकल गाड़ियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसके बाद कई घंटे तक कूलिंग के लिए पानी छिड़का जाता रहा, ताकि गत्तों में आग दोबारा न लग जाए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, फायर स्टेशन कोतवाली पर बुधवार रात 10.31 बजे सूचना आई कि साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 स्थित जैनसन्स कोरोपैक कंपनी गत्ता फैक्ट्री में आग लग गई है। इस सूचना पर तुरंत फायर स्टेशन साहिबाबाद दो और वैशाली से चार फायर टेंडर रवाना किए गए। फायर फाइटर्स ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो काला धुआं बहुत तेज था। आग तेजी से फैल रही थी। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होजलाइन फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू की। आग की भयावता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली से भी एक दमकल गाड़ी बुलाई गई। फैक्ट्री में अंदर तक पानी पहुंचाने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में फायर फाइटर्स ने फैक्ट्री का शटर और टीनशेड को तोड़ दिया।

### रिटायर टीचर से लाखों की ज्वैलरी ठगी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रिटायर महिला टीचर को बदमाशों ने सम्मोहित करके सोने-चांदी के जेवरात उतरवा लिए। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस में की। 24 घंटे बाद महिला के पास पुलिस बनकर फ्रॉड की कॉल आई। कहा कि हमने अपराधी पकड़ लिए हैं। लेकिन इनको गाजियाबाद तक लाने में पांच हजार रुपए खर्च आ रहा है, जो हमें आपसे चाहिए। यहां पीड़िता ने थोड़ा समझदारी का परिचय दिया और असली पुलिस को फोन लगा दिया। तब जाकर पता चला कि उनके साथ दोबारा ठगी की कोशिश हो रही थी। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल ये है कि अपराधियों को कैसे पता चला कि महिला ने थाने में शिकायत कर दी है और उनका मोबाइल नंबर क्या है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में वैभव खंड की रहने वाली रेनू गुप्ता रिटायर टीचर हैं। रेनू ने बताया, 14 मई की शाम साढ़े 6 बजे मैं अपनी सोसाइटी कृष्णा अपरा गार्डन्स के गेट नंबर-2 से पैदल ही बीकानेर की तरफ जा रही थी। रास्ते में दो लड़कों ने मुझे मिसगाइड किया। एक छोटे लड़के ने पास आकर मुझसे आनंद विहार जाने वाला रास्ता पूछा।

### वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने चार घंटे बंद रखा 358 परिवार का पानी

वसुंधरा। सेक्टर-11 स्थित द्रोणागिरी अपार्टमेंट में तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को चार घंटे तक 358 परिवार का पानी रोक दिया। नाराज कर्मचारियों ने सोसायटी में काम बंद कर गेट पर प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। चार घंटे पानी नहीं मिलने से सोसायटी में रहने वाले 358 परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। निवासियों द्वारा कर्मचारियों को आग्रह करने के बाद दोपहर एक बजे पानी की आपूर्ति चालू करने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। द्रोणागिरी सोसायटी में छह टॉवर में 358 फ्लैट हैं। सभी फ्लैट में परिवार रहते हैं। सोसायटी निवासी तारकेश्वर ने बताया कि यहां सात सफाई, सात सुरक्षा, दो प्लंबर, तीन बिजली, एक माली, एक लिफ्ट ऑपरेटर और एक सुपरवाइजर है। जो सोसायटी के रखरखाव की जिम्मेदारी देखते हैं। उन्होंने बताया कि सोसायटी में बुधवार सुबह आठ बजे तक पानी आया इसके बाद पानी नहीं मिला। लोगों ने जब मेंटेनेंस ऑफिस में फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिल सका। इसके बाद कर्मचारियों से जब बात की गई तो मालूम हुआ कि वेतन न मिलने से उन्होंने पानी आपूर्ति बंद कर दी है।


### जमीन का सौदाकर 1.23 करोड़ हड़पे

साहिबाबाद। राजेंद्रनगर में पांच लोगों ने रामपाल कसाना (63) को रेवाड़ी में जमीन बेचने का सौदा कर उनसे एक 1. 23 लाख 53 हजार रुपये की रकम हड़प ली। आरोपियों ने जमीन का तीन करोड़ 66 लाख रुपये में सौदा किया था लेकिन रजिस्ट्री के समय पैसे लेकर गायब हो गए। शालीमार गार्डन थाने में धोखाधड़ी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस लेन-देन के मामले की जांच कर रही है। बुजुर्ग रामपाल कसाना ने शिकायत दी कि 2019 में राहुल छाबड़ी नाम के युवक ने शिवम ओम पुनिया से मिलवाया था। इस बीच शिवम ओम ने हिसार के रेवाड़ी में जमीन बेचने की बात की। उसने इस जमीन को पत्नी मोनिका रानी के नाम बताया था। बातचीत में 3 करोड़ 66 लाख 17 हजार 500 रुपये में सौदा तय हो गया। 12 अक्तूबर 2019 को मोनिका रानी, शिवम ओम पुनिया, सुरेंद्र व लेखराम शर्मा उनके घर पहुंचे थे। सभी ने मीटिंग कर विक्रय करार कर लिया। 12 नवंबर 2019 को शिवम ओम और लेखराम शर्मा व अन्य लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि जमीन हर तरह से दोषमुक्त है।

# मुजफ्फरनगर में ऑनर किलिंग : प्रेमी से बात करने पर पिता ने बेटी का गला रेता

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में ऑनर किलिंग की वारदात हुई है। ब्वाय फ्रेंड से बात करने पर एक पिता ने अपनी बेटी की छुरी से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वो डेड बॉडी के पास ही बैठ रहा।

गांव के लोगों की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस से कहने लगा कि 3 दिन से मना कर रहा था लेकिन वो मान नहीं रही थी। लड़के से बात कर रही थी, इसलिए उसकी हत्या कर दी। ये सुनते ही पुलिस भी हैरान रह गई। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हत्या में इस्तेमाल छुरी को भी बरामद कर लिया। वारदात नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव कूकड़ा गांव की है।




## 6 बच्चों के साथ रहता था पिता

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया- कूकड़ा में शाहिद अपनी बेटी पत्नी और 6 बच्चों के साथ रहता है। वो पल्लेदारी का काम करता है। उसकी सबसे बड़ी बेटी शहनुमा (24) का थाना क्षेत्र भोपा के गांव यूसुफपुर के एक युवक से अफेयर चल रहा था। उसके प्रेम प्रसंग का पिता लगातार विरोध कर रहा था। लेकिन शहनुमा मान नहीं रही थी।

## सुबह साढ़े 8 बजे रेत दिया गला

आज सुबह करीब साढ़े 8 बजे शाहिद ने अपनी बेटी को प्रेमी से बात करने से रोका लेकिन उसने विरोध कर दिया। जिसके बाद उसने घर में रखी छुरी से बेटी का गल रेत दिया।

हत्या के बाद वो घर से हिला भी नहीं, बेटी की डेडबॉडी के पास ही खून से सनी छुरी लेकर बैठ रहा। हत्याकांड के बाद घर के लोगों ने शोर मचाया तो गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो शाहिद बेटी के शव के पास ही बैठा मिला। उसके चेहरे पर शिकन भी नहीं थी।

## परिवार के लोगों से की जा रही पूछताछ

एसपी सिटी के मुताबिक- लड़की के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट एवं फील्ड यूनिट को बुलाकर छानबीन कराई गई है। आरोपी पिता ने खुद अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। परिवार के बाकी लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# शराब पीने के पैसे न देने पर युवक ने ले ली पिता की जान

महोबा। उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के खरेला क्षेत्र मे शराब के लती एक युवक ने पैसे न देने पर पिता की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि पाठा गाँव मे 52 वर्षीय इंद्रपाल साहू की उस समय हत्या कर दी गयी ज़ब वह भोजन करने के उपरान्त घर के समीप ही स्थित पशुबाड़े मे आराम करने चला गया था। बताया गया है कि शराब का लती इंद्रपाल का पुत्र अखिलेश तब पशु बाड़े पहुंचा ओर शराब पीने के लिए उसने अपने पिता से पैसे की मांग की। इंद्रपाल द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर अखिलेश बुरी तरह भड़क गया ओर उसने पास मे रखी लाठी से पिता पर हमला बोल ताबड़तोड़ प्रहार करते हुए उसे मौके पर ही मौत की नींद सुला दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद अखिलेश ने घर पहुंच कर पिता की हत्या कर देने की जानकारी परिजनों को दी ओर भाग गया। इंद्रपाल की हत्या की खबर सुनकर परिवार के लोग हक्का बक्का रह गए।

# गांव के वाशिंदों को संक्रामक बीमारियों की ओर ढकेल रही गांव की सरकार, गांव में लगा गंदगी का अंबार

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड मिश्रित की एक ग्राम पंचायत में गांव की सरकार के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हर समय मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले की मिश्रित विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अटवा में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की उदासीनता के चलते महीनों से गांव में साफ सफाई नही हुई है। जिस कारण गांव में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है।सभी नालियां कूड़े से पटी पड़ी होने के कारण चोक चल रहीं है। घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।सबसे बड़ी बात यह है, कि गांव के बाहर जल निकासी हेतु प्रधान द्वारा नाली नहीं बनवाई गई है । जिससे गांव के बाहर हर समय सड़क पर गंदा जल भराव बना रहता है। जिस कारण हर समय गांव के वाशिंदों पर मौसमी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत अटवा में साफ सफाई करने हेतु दो सफाई कर्मी तैनात हैं, परन्तु वह ग्राम प्रधान के घर तक आकर चले जाते है।ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की उदासीनता के चलते पूरे महीनों से साफ सफाई नही हुई है।गांव में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। सभी नालियां कूड़े से पटी पड़ी है। नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।लोगों को अपने घरों तक आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस भीषण गंदगी से लोगों में संक्रामक बीमारियों के पनपने का खतरा उत्पन्न हो गया है । सबसे बड़ी बात यह है, कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव के बाहर जल निकासी हेतु नाली नही बनवाई गई है । जिससे गांव के बाहर सड़क पर गंदा जल भराव बना रहता है। यहां के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण कराकर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

# बिजनौर में फर्मा मालिक ने खुद को मरवाई गोली

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा इलाके में कर्ज से बचने के लिए एक फर्म के मालिक ने साजिश रचकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर खुद को गोली मरवा ली। इसके बाद चार लाख 80 हजार की लूट का शोर मचा दिया।

पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू की तो मामला कुछ और ही निकला। पुलिस ने आज घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गोली मारने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

पूरा मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के चौकी सहसपुर के मोहल्ला अफगान के रहने वाले 25 वर्षीय नाजिम पुत्र लियाकत सहसपुर में ही एक फार्म चलाता है। यह फर्म के माध्यम से गेहूं, धान और सरसों को खरीद कर बाजार में बेचने का काम करता है। बुधवार की शाम को 5 : 30 बजे के लगभग नाजिम बाइक से जा रहा था। उसके मुताबिक उसके बैग में 4 लाख 80 हजार रुपए थे, जिन्हें किसी को देने जा रहा था।

नाजिम का कहना है की शाम लगभग 6: 00 बजे वह सहसपुर से गांव महमूदपुर रोड पर पहुंचा तभी वहां बाइक सवार लोग पहुंचे और उसे रोक लिया फिर उसे गोली मारकर रुपए लूटकर फरार हो गए।

नाजिम के गोली हाथ में लगी। पुलिस ने नाजिम को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गोरखपुर में विदेश भेजने वाली कंपनी पर पुलिस का छापा

## 100 से अधिक पासपोर्ट मिले, दस्तावेज और कैश जब्त; एसएसपी को मिली थी फर्जीवाड़े की शिकायत

गोरखपुर। गोरखपुर में कैंट इलाके के आदर्शनगर सिंघड़िया स्थित विदेश भेजने वाली कंपनी न्यू ग्लोबल मैनपावर एंड ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस ने छापा मारा। एएसपी आलोक भाटी के नेतृत्व में एसओजी की टीम ने करीब 3 घंटे जांच की। इस दौरान 100 से अधिक पासपोर्ट, कागजात, रजिस्टर और कैश जब्त किया गया। हालांकि, पुलिस ने किसी को हिरासत में नहीं लिया। फिलहाल एसओजी टीम मामले कि जांच कर रही है।



### इंटरव्यू लेकर पासपोर्ट करवा लेते थे जमा

दरअसल, एसएसपी को सोमवार को एक गोपनीय सूचना मिली थी कि इस कंपनी द्वारा फर्जी रूप से लोगों से मेडिकल के नाम पर पैसा लेकर, पासपोर्ट जमा कराकर विदेश भेजने का काम किया जाता है। साथ ही गैर कानूनी रूप से इंटरव्यू लेकर पासपोर्ट भी जमा करा लिया जाता है। विदेश भेजने के बाद जिस पद पर कहा जाता है उस पद पर जॉब नही मिलती है।

जिसके बाद एसएसपी ने एक्शन लेने की जिम्मेदारी एसपी सिटी को दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने स्क्कआलोक भाटी, एसओजी टीम और गोलघर चौकी की पुलिस को कंपनी के दफ्तर भेजा।

छापे के दौरान वहां हड़कंप मच गया। मेडिकल करने वाले ताला मारकर भाग गए। आस-पास में खुले ऑफिस में भी लोग ताला बंद करके इधर-उधर चले गए। पुलिस के जाने के बाद फिर सारा काम शुरू हुआ।

### देखते-देखते खुल गई दर्जनों कंपनियां

सिंघड़िया पर विदेश भेजने वाली सिर्फ एक कम्पनी ग्लोबल खुली थी। उसकी कमाई देखकर पिछले 10 साल में 12 से अधिक कंपनियां 500 मीटर की दूरी में खुल गईं।

सभी कंपनियां ट्रेनिग कराकर, इंटरव्यू लेकर मेडिकल कराकर विदेश भेजती हैं। कई बार यहां फर्जीवाड़ा भी हो चुका है। एक बार तो एक कंपनी में लूट की भी घटना हो चुकी है। जिसमें कंपनी के कुछ लोगों का हाथ सामने आया था।

# माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता के खिलाफ ईडी की चार्जशीट

## धन शोधन निवारण अधिनियम में आरोप पत्र, धन उगाही, अवैध रूप से अर्जित संपत्ति का मामला

प्रयागराज। आईएस-227 गैंग के लीडर माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग पर प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के शिकंजे के बाद अब प्रवर्तन निदेशायल ईडी ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी ने माफिया अतीक अहमद की फरार पत्नी 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के नई दिल्ली मुख्यालय में दाखिल किए गए आरोप पत्र में माफिया की पत्नी पर आरोप है कि उसने करोड़ों रुपए की धन उगाही की।

अवैध रूप से अर्जित माफिया की संपत्ति में शाइस्ता परवीन का दखल सामने आया है। धन शोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल कर ईडी ने अपनी जांच में कहा है कि लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 14 मई को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। इससे पहले ईडी ने दिसंबर 2021 में अतीक और



शाइस्ता परवीन की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी।

### शाइस्ता के नाम कई करोड़ की संपत्ति मिली

इसमें शाइस्ता परवीन के नाम पर पंजीकृत प्रयागराज के फूलपुर का एक भूखंड और अतीक अहमद के 10 खातों एवं शाइस्ता परवीन एक खाते में पड़े 1.28 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस भी शामिल था। धन शोधन का मामला जबरन वसूली, धोखाधड़ी और संपत्ति के अवैध कब्जे से संबंधित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने कहा कि बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर अतीक-शाइस्ता परवीन के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, जमीन कब्जा करने और इस तरह के अन्य अपराधों से संबंधित दर्ज कई मामलों को इसमें शामिल किया गया।

ईडी ने आरोप पत्र के जरिए अदालत को जानकारी दी कि सीबीआई द्वारा अतीक अहमद पर दर्ज मुकदमे के आधार पर ईडी ने वर्ष 2020 में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि अतीक अहमद और उसके गैंग के सदस्यों ने जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी और संपत्ति पर कब्जे किए हैं। जिसके बाद अतीक और उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमों को भी जांच में शामिल किया गया। ईडी ने अतीक अहमद, उसके करीबी परिजनों, गैंग सदस्यों की संपत्तियों की पड़ताल शुरू की।

### सरकारी एजेंसियों से बचने को दूसरों के नाम संपत्ति

इसी जांच में पाया कि अतीक और उसके सहयोगी अपराध के जरिए जुटाए गये धन को अचल संपत्तियों की खरीदने में निवेश कर रहे थे। सरकारी एजेंसियों से बचने के लिए तमाम संपत्तियों को अन्य व्यक्तियों एवं बेनामी धारकों के नाम पर खरीदा गया था। ईडी ने अतीक और उसके गैंग के सदस्यों की तमाम संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी इस मामले में अतीक की पत्नी शाइस्ता, करीबी परिजनों और गैंग के सदस्यों के खिलाफ जांच जारी रखे है। ईडी ने बीते वर्ष अप्रैल और जून माह में अतीक और उसके करीबियों के 27 ठिकानों पर छापा मारा था, जिसमें 1.15 करोड़ रुपये नकदी, 6 करोड़ रुपये के आभूषण और तमाम संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए थे।

# एक तरफा प्यार में 8 साल के बच्चे की हत्या

## बहन ने प्रपोजल एक्सेप्ट करने से किया इनकार

मेरठ। मेरठ में 8 साल के बच्चे बंसीराम की हत्या एक तरफा प्यार में हुई है। आरोपी बच्चे की बहन से एक तरफा प्यार करता था, करीब 3 महीने पहले आरोपी ने उसकी बहन से अपने प्यार का इजहार किया तो बहन ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी थी।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया था। जिससे आरोपी नाराज था। तभी से आरोपी बच्चे की बहन की अपहरण और उसकी हत्या की धमकी दे रहा था। वहीं बच्चे के परिवार वालों का कहना है कि अगर पुलिस आरोपी पर सख्त कार्रवाई करती तो शायद मृतक की जान बच सकती थी।

मेरठ में निर्दोष सिंह निवासी शिवम कुंज थाना टीपी नगर निवासी है। निर्दोष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका आठ साल का बेटा बंसी मंगलवार से लापता है। परिवार के लोगों ने बच्चे को खोजा, लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार सुबह 6 बजे किसी ने परिवार को फोन कर बताया कि एक बच्चे की लाश मलियाना के पास हरमन सिटी के वहां पड़ी है। लाश की सूचना पर परिवार के लोग वहां मौके पर पहुंचे। देखा तो निर्माणाधीन मकान की नींव में पिलर के पास गड्डे में बच्चे की लाश पड़ी थी।

लाश को देखा तो वो निर्दोष सिंह का बेटा बंसी था। अपने बेटे की लाश देखकर परिजन हैरान रह गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को उठाया तो देखा कि गले पर कुछ चोट के निशान हैं। इसे देखकर लग रहा है कि किसी ने गला दबाकर हत्या की है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस...डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग चलाएगा जागरूकता अभियान



ललितपुर। राष्ट्रीय डेंगू दिवस (16 मई) पर जनपद में सामु0स्वा0 केन्द्र / प्रा0स्वा0केन्द्र / आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं जनपद स्तर पर डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता गोशियों का आयोजन किया गया जिनमें डेंगू रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0इम्तियाज अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे-बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आँखों के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पडना एवं उल्टी आदि भी हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी मुकेश जौहरी ने बताया कि बुखार आने पर घबडायें नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क उपचार दिलवायें। डेंगू के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है. बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगडने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीग से उपचार कदापि न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार कराये। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिये इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है।

# झांसी में सड़क हादसे में महिला की मौत

झांसी। झांसी में सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। वह बेटे के साथ बहन के घर भंडारे में गई थी। वहां से लौटते समय वह बेटे के साथ रोड पर वाहन का इंतजार कर रही थी।इसी दौरान तेज गति में आ रही एक बाइक ने मां को टक्कर मार दी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा कानपुर हाइवे पर बचावली गांव के पास हुआ है। मृतका का नाम उमा देवी (55) पत्नी शिरोवन यादव था। वह बड़ागांव थाना क्षेत्र के हाजीपुरा गांव की रहने वाली थी। उनके बहन के घर बचावली गांव में भंडारा था। मृतका के बेटे मानवेंद्र ने बताया कि वह मां को लेकर बुधवार को मौसी के घर पहुंचा। भंडारे में शामिल होकर देर रात को घर लौट रहे थे। हम दोनों वाहन के इंतजार में हाइवे पर सड़क किनारे खड़े थे। तभी तेज गति में आ रही एक बाइक ने मां को टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई। उमा देवी की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया।

# मतदान अपने अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी है : जिला निर्वाचन अधिकारी

**ललितपुर ।** दूरस्थ ग्रामों में चौपाल लगाकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील बच्चे भी घर के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करेंगे बुलावा टोलियां घर-घर जाकर मतदान का महत्व समझाएं । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में शत-प्रतिशत मतदान कराये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के दूरस्त ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से वार्ता की तथा उनकी समस्याएं सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ग्राम सौल्दा (मड़ावरा) एवं ग्राम बम्हौरीनांगल (जखौरा) में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव में बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिलाधिकारी ने गांव में ही चौपाल लगाकर सभी अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



व सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है, इस हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का आच्छादन सुनिश्चित कराया जा रहा है, साथ ही महिलाओं एवं बच्चों को अलग से सुरक्षित स्थान दिया जाएगा। केन्द्रों पर बिजली, पानी, प्रकाश, छायादार स्थान व अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की गई हैं, जिससे मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहें तथा बुलावा टोलियों के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाएं। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा, सभी मतदाता 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें, यह केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है, जिसे हमें पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना है। उन्होंने बच्चों से भी कहा कि वे अपने घर के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरुक करें।

# शार्ट न्यूज

## नंदगंज-चोचकपुर मार्ग बदहाल,सड़क पर नाली का गंदा पानी लगने से राहगीर परेशान

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

गाजीपुर। नंदगंज बाजार से चोचकपुर जाने वाली सड़क की हालत बदहाल हो चुकी है। जिसकी वजह से आवागमन करने वाले नागरिकों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने मार्ग के कायाकल्प की मांग उठाई है। बाजार से चोचकपुर जाने वाली सड़क पर नाली का पानी बहने के कारण सड़क पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। इससे अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। काफी समय से यह मार्ग जर्जर हालत में है। आवागमन करने में लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर इकट्ठा गंदे पानी के कारण राहगीरों के कपड़े वाहनों के पहिये से उछलकर खराब हो जा रहे है। विदित हो कि उक्त मार्ग पर लगने वाली सब्जी मंडी में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग इसी मार्ग से आवागमन करते रहते हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से मांग किया है कि उक्त मार्ग की मरम्मत करने के साथ ही जलजमाव की समस्या को भी दूर किया जाय।

## डीआईजी ने वीवीआईपी कार्यक्रमों को लेकर शहर में किया भ्रमण, लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



ललितपुर। झांसी, मण्डलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 तथा VVIP/VIP कार्यक्रमों व आयोजनों के दृष्टिगत जनपद ललितपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र के प्रमुख मार्गो, बाजारों, चौराहों व VVIP कार्यक्रम स्थलों, जनसभा स्थल आदि क्षेत्रों का भ्रमण एवं पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डीआईजी झाँसी द्वारा शहर के संवेदनशील स्थानों, व्यस्ततम बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर थाना पुलिस द्वारा निरन्तर संदिग्ध वाहन एवं वस्तुओं की चेकिंग करने तथा VVIP/VIP कार्यक्रम/जनसभा स्थलों और उनके आस पास के स्थानो की ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी आदि के माध्यम से सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये गए ।आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व वीवीआईवी कार्यक्रमों के दृष्टिगत वीवीआईपी आगमन के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, रूफ टॉप ड्यूटी, आदि तैयारियों को पूर्ण रखने के निर्देश दिये गये।

## केन्द्रीय सशस्त्र बल और पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास



ललितपुर। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना कोतवाली/थाना बालाबेहट/थाना बार/ थाना पाली/थाना गिरार पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन। क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास। मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली/थाना बालाबेहट/थाना बार/ थाना पाली/थाना गिरार पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया।

## ताजमहल की पार्किंग के बाहर गाइड आपस में भिड़े

आगरा। आगरा में ताजमहल की शिल्पग्राम पार्किंग के बाहर गुरुवार को लाइसेंसी गाइड और अवैध गाइडों के बीच में विवाद हो गया। पर्यटकों के सामने ही दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। विवाद पर्यटक को ताजमहल घुमाने को लेकर हुआ था। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई गई है। शिल्पग्राम के पास पर्यटक को ताजमहल घुमाने के लिए गाइड बात कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच अवैध गाइड भी आ गए। उन्होंने भी पर्यटक को ताजमहल घुमाने के लिए कहा। इस पर लाइसेंसी गाइड ने विरोध किया। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद लाइसेंसी गाइड अपने आफिस पर आ गए। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने आफिस पर आकर मारपीट की। जिसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। वहां पर मौजूद पर्यटक इस नजारे को देखते रहे। किसी ने इसका वीडियो भी बना लिया है। इसमें गाइड मारपीट करने वाले का वीडियो बनाते हुए कह रहा है कि मेरे आफिस पर आकर मारपीट की गई। सामने दिख रहा युवक उससे मोबाइल छीनने का प्रयास करता है। बता दें कि ताजमहल पर लपकों का आतंक है।

## महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

मेरठ। मेरठ में इंसाफ के लिए भटक रही एक महिला बृहस्पतिवार को अपने भाई-बहनों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। पीड़िता पुलिस की लचर कार्यशैली से आहत थी। पुलिसकर्मियों ने महिला व उसके भाई को बचाया और हिरासत में लेने के बाद सिविल लाइन थाना भेज दिया। वही अधिकारी मामले का संज्ञान लेने के बाद महिला को इंसाफ देने की बात कह रहे हैं। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र स्थित गांव पलहेड़ा की रहने वाली राखी बृहस्पतिवार को अपने भाई और बहन के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंच गई। इस दौरान महिला ने अपने साथ लाई पेट्रोल की बोतल निकालकर अपने व अपने भाई के ऊपर कंट्रोल छिड़कर आग लगाने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस कर्मियों ने आनन फानन में महिला से माचिस छीनने के बाद उसको हिरासत में ले लिया। इस दौरान पीड़िता राखी ने बताया कि उसके पति मोनू की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद जमीन के हिस्सेदार दौराला के रहने वाले संजय चौधरी ने उसके पति के हिस्से की जमीन को भी अलग-अलग टुकड़ों में कई लोगों को बेच दिया।

## बदायूं में फंदे पर मिला युवक का शव

बदायूं। बदायूं में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर में फंदे पर लटका मिला। परिवार वाले इसे आत्महत्या करार दे रहे हैं। हालांकि युवक ने ऐसा क्यों किया, इस सवाल का जवाब परिजनों के पास नहीं है। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के दासपुर गांव का अशोक बाबू (28) पुत्र प्रताप सिंह खेती किसानी करता था। अन्य किसानों के खेतों में मजदूरी भी उसकी कमाई का जरिया था। परिजनों के मुताबिक अशोक अपने घर पर था। वहीं उसकी पत्नी समेत दो बच्चे भी थे। बच्चे घर के बाहर खेलने गए थे. वहीं पत्नी रसोई में काम कर रही थी। कुछ देर बाद पत्नी ने आवाज लगाई तो अशोक की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कमरे के भीतर झांककर देखा तो वहां अशोक का शव कुंडे से फंदे पर लटका हुआ था। यह देख पत्नी की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास इलाके के लोग भी वहां पहुंच गए। पोस्टमार्टम हाउस पर परिवार वालों ने बताया कि न तो अशोक का परिवार में किसी से कोई विवाद हुआ था और न ही गांव में ऐसी कहासुनी हुई जो उसे आत्मघाती कदम उठाना पड़े।

## दुनिया की कुछ चुनिंदा जगह जहां मई से जून के बीच पड़ती हैं कड़ाके की सर्दी



लंदन । मई-जून का महीना ऐसा होता है, जब गर्मी अपने चरम पर होती है। आप कितनी भी कोशिश कर लें, लू के थपेड़ों से बचना नामुमकिन होता है। पारा 45-50 डिग्री तक पहुंच जाता है। हालांकि कुछ जगहें इस वक्त भी इतनी ठंडी होती हैं कि यहां आग जलाए रखना भी मुश्किल होता है। इन जगहों पर पारा माइनस से कई डिग्री नीचे खिसक जाता। हम बात कर रहे हैं साउथ पोल यानि अंटार्टिका की। आपको भरोसा नहीं होगा लेकिन जून से लेकर अगस्त के महीने में जब हम पसीने से तर-बतर होते हैं, तब यहां तापमान -20 से -30 डिग्री फारेनहाइट के भी बीच होता है। इस मौसम में लोगों को यहां नहीं जाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि तेज-ठंडी हवाएं चलती रहती हैं और सूरज बिल्कुल भी नहीं दिखाता है। 24 घंटे अंधेरा बना रहता है और इंसान का खून तक जम जाने की स्थिति होती है। इसके अलावा अर्जेंटीना भी ऐसा देश है, जहां जून से अगस्त तक तापमान गिरा हुआ रहता है। इस दौरान यहां 15-18 डिग्री सेल्सियस तक टेंपरेचर रहता है। मदागास्कर आइलैंड में भी जून महीने में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो जाता है। कई बार यहां 12 डिग्री सेल्सियस तक भी तापमान पहुंच जाता है। इसके अलावा न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ग्रीनलैंड में भी ठंड का माहौल होता है। वहीं पेरू, बोलीविया और ऑस्ट्रेलिया के कुछ बीच पर जून-जुलाई के मौसम में तापमान 15-19 डिग्री के बीच होता है।

## दुबई का बुर्ज खलीफा.. बन गया अरबपतियों के साथ माफिया का ख्वाबगाह

दुबई । दुबई की एक गगनचुंबी अट्टालिका के 37वें माले से कथित बोसनियाई ड्रग माफिया की पत्नी अपने टिकटॉक अकाउंट पर लगातार वीडियो पोस्ट कर रही थी। रेंट पर लिया गया ये घर, अपार्टमेंट क्या रईसों का ख्वाबगाह था। यहां की लग्जरी किसे नहीं लुभाती। जियो-लोकेशन स्पेशलिस्ट ने पता लगाया कि ये दुबई का ऑईकोनिक बुर्ज खलीफा है। पता चला कि करोड़ों डॉलर के इस अपार्टमेंट का मालिक कैंडिडो स्यू ओकोमो नाम का शख्स है। ये व्यक्ति अफ्रीकी देश की नेशनल ऑयल कंपनी का पूर्व चीफ रहा है और इस पर करोड़ों डॉलर की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस अपार्टमेंट के किरायेदार की पहचान जेनिस कैड्रिक के रूप में हुई है जो बोस्निया का कुख्यात ड्रग लॉर्ड है। अभी ये पता नहीं है कि कैंडिडो स्यू ओकोमो और जेनिस कैड्रिक एक दूसरे को जानते हैं या नहीं लेकिन रेंट एग्रीमेंट के द्वारा इनका मिलना आधुनिक दुबई का प्रतीक है, जहां गोपनीयता और वर्षों की उदार नीतियों ने दुबई के मकान मालिकों की लिस्ट में इसतरह के लोगों को डाल दिया है जिनकी ख्याति पर सुरक्षा एजेंसियां प्रश्न चिह्न उठाती रही है। दुबई में स्टील और कांक्रीट के जंगलों में कई सफेदपोश शख्सियतों ने ख्वाबगाह खरीदें हैं जिनकी कमाई उनके देश में शक के घेरे में हैं। इस लिस्ट में बिजनेसमैन, ड्रग माफिया, मनी लॉन्ड्रर, आर्मी जनरल सहित समाज के कई कथित एलीट शामिल हैं। इस पॉवरफुल लिस्ट में भारत, पाकिस्तान के धन कुबेर भी शामिल हैं। जिन्होंनेकरोड़ों-अरबों की कमाई से दुबई के समृद्धतम इलाकों में अपना आशियाना खरीदा है। रिपोर्ट के अनुसार ये लीक डेटा दुबई की प्रॉपर्टी मार्केट का असली बादशाह कौन है इससे पर्दा हटा देता है। रिपोर्ट के अनुसार इस डॉटा को हासिल किया सेंटर फॉर एडवांस्ड डिफेंस स्टडीज नाम के गैर सरकारी संगठन ने। ये संस्था वाशिंगटन डीसी में स्थित है और अंतरराष्ट्रीय अपराध और संघर्षों पर शोध करती है। इसके बाद डाटा को नार्वे की वित्तीय संस्था ई24 और ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के साथ शेयर किया गया। इन संस्थाओं ने दुनिया भर की मीडिया एजेंसीज के साथ मिलकर तथ्यों को खंगाला और जांच किया। इसके बाद ये रिपोर्ट सामने आई है जिसे नाम दिया गया है दुबई अनलॉक्ड इस जांच में 58 देशों के 74 साझेदार शामिल हैं।

## फिको की शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर

ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया के अनुसार स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है। श्री ताराबा ने कहा, मैं बहुत हैरान था। सौभाग्य से जहां तक मुझे पता है, ऑपरेशन अच्छा रहा और मुझे लगता है कि अंत में वह बच जाएंगे। इस समय वह जीवन के लिए खतरे में नहीं है। उन्होंने कहा कि एक गोली पेट में और दूसरी जोड़ में लगी। उप प्रधानमंत्री एवं मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने कहा कि शल्य चिकित्सा के दौरान श्री फीको की हालत गंभीर थी। गृह मंत्री माटस सुताज एस्टोक के अनुसार हमले को राजनीति से प्रेरित हत्या के रूप में वर्गीकृत किया गया है। श्री फिको राजधानी से करीब 150 किमी दूर हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक में भाग लेने के बाद एक हमले में घायल हो गए। श्री फिको को हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के रूज़वेल्ट अस्पताल ले जाया गया। मौके से हिरासत में लिया गया संदिग्ध 71 साल का बुजुर्ग बताया जा रहा है।

## चीन में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का सफल टेस्ट....लेकिन माना गया असफल , प्रोजेक्टाइल ने पथ का पालन नहीं किया

बीजिंग । चीनी नौसेना ने हाल ही में एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का टेस्ट किया है। इसके द्वारा चीन ने हाइपरसोनिक गति से समताप मंडल में एक सटीक-गाइडेड गोला-बारूद लांच किया। इस टेस्ट में समताप मंडल में 15 किमी की ऊंचाई तक आवाज की रफ्तार से पांच गुना ज्यादा स्पीड (5 मैक) से एक स्मार्ट बम को फायर करना शामिल था। सफल लांच के बाद भी इस प्रयोग को असफल माना गया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि प्रोजेक्टाइल ने उस पथ का पालन नहीं किया, जो पथ दिया गया था। अधिक सीमा और ऊंचाई दोनों डिजाइन मूल्यों से कम हो गईं। स्मार्ट बम की ओर से जमीन पर वापस भेजे गए डेटा के विश्लेषण से टीम ने एक महत्वपूर्ण समस्या की पहचान की। टीम ने पाया कि लांच के दौरान प्रोजेक्टाइल बहुत तेजी से घूम रहा था, जिससे न चाहते हुए झुकाव हो रहा था। इस खोज से वैज्ञानिकों को रोटेशनल स्टीड लैचिंग नाम की एक तकनीकी बाधा का अहसास हुआ, जो रेल गन के इस्तेमाल के लिए बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी शोधकर्ता समस्या का पता लगाने और एआई के जरिए उसका समाधान खोजने के लिए तैयार हैं। चीन के इस प्रयोग का निष्कर्ष इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन के संचालन में शामिल जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। ये पारंपरिक भौतिक सिद्धांतों को खारिज करता है। शोधकर्ताओं की ओर से बताया गया कि चुनौतियों में एक लॉन्चिंग के दौरान प्रोजेक्टाइल को घूमने से रोकने की जरूरत है। हालांकि प्रयोग के फेल होने के बावजूद इस परीक्षण से मिले रिजल्ट चीन को इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन बनाने के प्रयासों की ओर बढ़ाएंगे। रेलगन असाधारण गति से प्रोजेक्टाइल को चलाने के लिए इलेक्ट्रो मैग्नेटिक फोर्स पर काम करने वाला एक हथियार है। लंबे समय से लड़ाइयों में इसकी कल्पना की जाती रही है। प्रथम विश्व युद्ध से पहले फ्रांस के इंजीनियर आंद्रे लुइस ऑक्टेव फौचॉन-विलेप्ले ने 1879 में एक रेलगन की अवधारणा तैयार की थी।

## कैमरून में अलगाववादी हमले में दो सैनिक और दो नागरिक मारे गए

याउंडे । कैमरून के युद्धग्रस्त अंग्रेजी भाषी क्षेत्र उत्तर-पश्चिम में एक अलगाववादी हमले में दो सुरक्षा सैनिक और दो नागरिक मारे गए है। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अलगाववादी लड़ाकों ने क्षेत्र के बंबुई इलाके में कैमरून सुरक्षा के दो सदस्यों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने बताया, सैनिक एक बार में शराब पी रहे थे और वहां से निकलने वाले थे तभी छिपे हुए अलगाववादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हुई झड़प में दो सैनिक, बार मालिक और एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि झड़प में 26 वर्षीय एक महिला घायल हो गई। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कैमरून 20 मई को राष्ट्रीय दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है।



अजरबेजान से रुसी सैनिकों की वापसी के अवसर पर दोनो देशों के सैन्य अधिकारी एक समारोह में एकसाथ नजर आये।

## गाजा में रिटायर्ड भारतीय कर्नल की मौत पर बड़ा खुलासा

गाजा । संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सवाल का जवाब देते हुए कहा, ऐसा लग रहा है कि जिस यूएन व्हीकल में कर्नल वैभव अनिल सवार थे उसको पीछे से निशाना बनाया गया है। व्हीकल में दो यूएन स्टाफ मेंबर सवार थे, अनिल और डीएसएस की एक महिला स्टाफ जिसका ट्रीटमेंट किया जा रहा है और हमें विश्वास है कि वह जल्द ठीक हो जाएगी। जब यूएन अधिकारी फरहान हक से पूछा गया कि जिससे गोली चलाई गई क्या ये टैंक इजराइल का था, तो उन्होंने कहा कि हो सकता है, क्योंकि रीजन में बस इजराइल के टैंक ही तैनात हैं. उन्होंने आगे कहा कि वे मामले में इजराइल के साथ बातचीत कर रहे हैं। बता दें गाजा के राफा में तैनात रिटायर्ड भारतीय कर्नल वैभव अनिल काले की मौत हो गई है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ये पहला विदेशी यूएन कर्मी की मौत का मामला बताया जा रहा है। वैभव अनिल की मौत को लेकर यूएन के एक सीनियर ऑफिसर ने बड़ा बयान दिया है। यूएन ऑफिसर ने कहा है कि जो गोली भारतीय रिटायर्ड कर्नल को लगी है, उसको टैंक के जरिए फायर किया गया है। खबर के मुताबिक, बिना किसी को जिम्मेदार ठहराए इजराइल सेना ने कहा है कि वाहन उस इलाके से गुजर रहा था, जहां हमास और सेना के बीच लड़ाई जारी थी। इस इलाके को नॉन मूवमेंट जोन बताया जा रहा है यानी यहां वाहन आने की इजाजत नहीं थी। लेकिन इस पर अभी तक ये स्पष्ट नहीं है कि इजराइल को क्या यूएन के वाहन की जानकारी थी या नहीं। अनिल की मौत पर विदेश मंत्रालय का कहना है, 13 मई 2024 को गाजा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा और सुरक्षा विभाग (डीएसएस) में सुरक्षा अधिकारी रिडार्यड कर्नल वैभव अनिल काले की मौत से हमें गहरा दुख हुआ है।

# गिरफ्तारी के बाद इमरान खान की पहली झलक, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में हुए पेश



**जेनेवा(एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान पाकिस्तान के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में संशोधन के खिलाफ दायर एक मामले के सिलसिले में गुरुवार को जेल से वीडियो के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। उनकी वीडियो उपस्थिति को अदालत की वेबसाइट और यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किए जाने की उम्मीद थी, जिससे पिछले साल अगस्त में उनकी गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद नेता का यह पहला सार्वजनिक दृश्य बन गया। लेकिन कार्यवाही शुरू होने पर वेबसाइट पर विजुअल्स नहीं देखे जा सके। यह तुरंत पता नहीं चला कि दृश्य वेबसाइट या यूट्यूब पर क्यों उपलब्ध नहीं थे। खान के हजारों समर्थक उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के यूट्यूब चैनल पर इंतजार कर रहे थे, जहां अदालत के दृश्य प्रसारित होने की उम्मीद थी।

कैमरे को इमरान खान की कार्यवाही को कवर करने की अनुमति नहीं है। क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय खान जेल जाने के बाद से अन्य अदालतों में पेश हो रहे हैं, लेकिन कैमरों को उन कार्यवाही को कवर करने की अनुमति नहीं है जो आमतौर पर जेल परिसर के अंदर आयोजित की जाती हैं। खान अपने खिलाफ दर्ज दर्जनों मामलों से लड़ रहे हैं, गुरुवार की उपस्थिति एक मामले के संबंध में थी जो उन्होंने पाकिस्तान के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में संशोधन के खिलाफ दायर किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस सप्ताह सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि खान को एक वकील के बजाय खुद का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देने के उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए वीडियो लिंक के माध्यम से पेश किया जाए। खान को 2022 में सत्ता से हटा दिया गया था। भूमि भ्रष्टाचार मामले में जमानत दे दी गई, लेकिन चार मामलों में दोषी ठहराए जाने के कारण वह जेल में रहेंगे, जिनमें से दो में सजा निलंबित कर दी गई है।

## झड़प का नया वीडियो: भारतीय सैनिकों पर हमला करते दिखे जिनपिंग के पिट्ठू



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन को फिंगर-4 में हुए संघर्ष के दौरान बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और गाड़ियों/नावों की संख्या का लाभ मिला। इससे चीनी सैनिक संघर्ष वाली जगह पर जल्द पहुंच गए और अपने से कम संख्या में मौजूद भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया। चीनी सैनिकों ने पहाड़ी की चोटी से कई भारतीय सैनिकों को धक्का दे दिया और उन पर पत्थर भी फेंके। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने भी लाठी-डंडों और पत्थरों से चीनी सैनिकों का मुकाबला किया और उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। हालांकि, इस संघर्ष में कई भारतीय सैनिकों को गंभीर चोटें आईं। चीन ने 2020 में लद्दाख के पैंगोंग त्सो झील के पास भारतीय सेना के साथ हुई झड़प का एक नया वीडियो जारी किया है। इस प्रॉपगैंडा वीडियो में चीनी सैनिकों को भारतीय सैनिकों पर हमला करते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो को पैंगोंग त्सो के फिंगर 4 पर फिल्माया गया है। वीडियो में चीनी सैनिकों के मुकाबले भारतीय सैनिकों की संख्या कम दिखाई दे रही है। इसके बावजूद भारतीय सैनिकों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का मुकाबला किया।

वीडियो में चीनी सेना की बोट, गाड़ियां और लाठी-शील्ड से लैस सैनिक दिखाई दे रहे हैं। ये सैनिक एक दूसरे पर पत्थरों से हमला करते नजर आ रहे हैं। पैंगोंग सो लद्दाख में 14 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित एक लंबी, संकरी और गहरी झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह झील रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों देश लगातार इस झील के आसपास के इलाकों में पेट्रोलिंग करते रहते हैं। 1962 में चीन ने इसी इलाके में भारत पर मुख्य हमला बोला था। पैंगोंग त्सो झील चुशुल अप्रोच के रास्ते में पड़ती है। ऐसे में चीन अगर भविष्य में कभी भारतीय क्षेत्र पर हमले की हिमाकत करता है तो चुशुल अप्रोच का इस्तेमाल करेगा क्योंकि इसका रणनीतिक महत्व है। पैंगोंग सो झील के उत्तर और दक्षिण की तरफ से चीन के आक्रमण की आशंका हमेशा बनी रहती है।पैंगोंग त्सो का दो तिहाई इलाका चीन के कब्जे में है। इस झील के किनारे उंगलियों की शक्ल में आठ पहाड़ियां निकली हुई हैं, इन्हें फिंगर्स के नाम से जाना जाता है। 2020 के पहले तक भारतीय सेना फिंगर-4 से फिंगर-8 तक पेट्रोनिंग करती थी।

## युद्ध के बीच चीन पहुंचे पुतिन, जिनपिंग के साथ बैठक में कर सकते हैं बड़ा एलान

बीजिंग। यूक्रेन और रुस के बीच चल रही जंग के दोरान रुस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन चीन की दो दिवसीय यात्रा पर निकले हैं। चीन के नेता शी जिनपिंग ने गुरुवार को एक आधिकारिक समारोह में पुतिन का स्वागत किया। पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद पुतिन की यह पहली विदेश यात्रा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी चीन यात्रा से दुनिया को रूस-चीन संबंध की प्राथमिकता का संदेश दिया है। उम्मीद की जा रही है कि पुतिन अपने समकक्ष शी जिनपिंग और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने से ठीक पहले 2022 में हस्ताक्षर किए गए नो लिमिट्स पार्टनरशिप के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर चर्चा हो सकती है और कुछ बड़ा एलान भी संभव है। हालांकि, ये यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दो साल से अधिक समय पहले यूक्रेन पर मास्को के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद रूस आर्थिक रूप से चीन पर अधिक निर्भर हो गया है।

## भारत चांद पर उतर रहा है और पाकिस्तान गटर में गिरता नजर आ रहा है : पाक सांसद



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान नेशनल असेंबली के सदस्य सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत के चंद्रमा लैंडिंग मिशन का जिक्र करते हुए भारत की उपलब्धियों और कराची के खस्ता हालात के बीच तुलना की है। भारत चांद पर, हमारे बच्चे गटर में ..मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) नेता सैयद ने नेशनल असेंबली में दिए एक भाषण में कहा कि जहां भारत चांद पर उतर रहा है, वहीं कराची खुले गटर में गिरकर बच्चों के मारे जाने की खबर बना रहा है।असेंबली में भाषण देते हुए पाक सांसद ने आगे कहा,आज कराची में हालत ये है कि जहां दुनिया चांद पर जा रही है, वहीं कराची में बच्चे गटर में गिरकर मर रहे हैं। उसी स्क्रीन पर खबर आ रही है कि भारत चांद पर उतरा है और ठीक दो सेकेंड बाद खबर यह है कि कराची में खुले गटर में एक बच्चे की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि कराची में 70 लाख और पाकिस्तान में 2.6 करोड़ से अधिक बच्चे हैं, जो स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। सैयद ने कहा कि वैसे तो कराची पाकिस्तान का राजस्व इंजन है, लेकिन अब उसे साफ पानी तक नसीब नहीं है। पाक सांसद ने आगे कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पाकिस्तान में दो बंदरगाह चालू हैं और दोनों कराची में हैं। कराची पूरे पाकिस्तान, मध्य एशिया से लेकर अफगानिस्तान तक का प्रवेश द्वार हैं। 15 वर्षों से कराची को थोड़ा सा भी ताजा पानी नहीं मिल रहा है, यहां तक कि जो पानी आता है उसे भी टैंकर माफिया जमा कर लेते है और बेचने लगते हैं।वहीं, दूसरी ओर पिछले साल अगस्त में भारत का चंद्रयान-3 लैंडर चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से पहुंचने वाला देश का पहला अंतरिक्ष यान बन गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया।

# स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर, भारत से लेकर अमेरिका ने की हमले की निंदा



**लंदन (एजेंसी)।** बीते रोज स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर एक युवक ने ताबड़तोड़ गोलिया चला दीं। इससे उनके सीने और पेट में गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि आरोपी को पकड़ लिया गया है। इधर पूरी दुनिया के कई देशों ने इस घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरुवार को अपने स्लोवाकिया समकक्ष रॉबर्ट फिको पर हत्या के प्रयास पर दुख व्यक्त किया और इसे कायरतापूर्ण और कायरतापूर्ण कृत्य बताया।एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा पहुंचा। मैं इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि वह यह सुनकर स्तब्ध थे कि स्लोवाक के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको बुधवार को एक गोलीबारी की घटना में घायल हो गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुनक ने लिखा, यह भयानक खबर सुनकर हैरान हूं। हमारी संवेदनाएं प्रधानमंत्री फिको और उनके परिवार के साथ हैं।इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी स्लोवाकिया के राष्ट्रप्रमुख के खिलाफ हिंसा के कृत्य की निंदा करने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमला भयावह है। हम अपने पड़ोसी भागीदार राज्य के सरकार के प्रमुख के खिलाफ हिंसा के इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए कि हिंसा किसी भी देश, रूप या क्षेत्र में आदर्श न बन जाए। हमें पूरी उम्मीद है कि रॉबर्ट फिको जल्द ही ठीक हो जाएंगे और स्लोवाकिया के लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करेंगे।

रोमानियाई राष्ट्रपति क्लॉस लोहानिस ने भी स्लोवाक पीएम पर हमले की निंदा की और उनके पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। लोहानिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्लोवाक के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की गोलीबारी के बारे में जानकर स्तब्ध हूं। मैं उनके पूर्ण एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं ऐसे चरमपंथी कृत्यों की कड़ी निंदा करता हूं, जो हमारे मूल यूरोपीय मूल्यों को खतरे में डालते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी हमले की कड़ी निंदा की और उनके साथ एकजुटता जताई। मैक्रों ने कहा, स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोली मारने की खबर से स्तब्ध हूं। मैं इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मेरी संवेदना और एकजुटता उनके, उनके परिवार और स्लोवाक लोगों के साथ है।वहीं, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे कायराना हमला करार दिया और कहा कि यूरोप की राजनीति में हिंसा नहीं होनी चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार, स्लोवाकिया के चार बार के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको बुधवार (स्थानीय समय) को हैंडलोवा में एक शूटिंग की घटना में घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक के बाद हुई। घटना के बाद स्लोवाकिया के विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्रालय ने रॉबर्ट फिको पर हिंसक हमले की पुष्टि की। हैंडलोवा विशेष रूप से स्लोवाकिया के ट्रेंसिन क्षेत्र में एक खनन शहर है, जहां, सांस्कृतिक घर के बाहर, जहां एक सरकारी बैठक आयोजित की गई थी, शूटर ने पीएम फिको पर गोलीबारी की। इमारत के बाहर अपने समर्थकों के साथ फीको की बातचीत के दौरान कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं और कुछ समय बाद, जब फीको को गोली मारी गई, तो वह जमीन पर गिर गया।

# पाकिस्तान में सुखदेव को राष्ट्रीय नायक और स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

### -लाहौर हाईकोर्ट के वकीलों ने सुखदेव की 117वीं जयंती मनाई

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान हमेशा ही भारत विभाजन से पहले के इतिहास को नकारता रहा है, जो दोनों देशों में एक साझी संस्कृति रही है। वहीं पाकिस्तान में ही एक वर्ग ऐसा है, जो भगत सिंह, महाराजा रणजीत सिंह जैसे नायकों को सम्मान देने की मांग करता रहा है। इस बीच लाहौर हाईकोर्ट में सुखदेव की जयंती मनाई गई, जिन्हें भगत सिंह और राजगुरु के साथ ही लाहौर जेल में फांसी दी गई थी। यह कार्यक्रम लाहौर हाईकोर्ट के वकीलों ने आयोजित किया था, जिसमें सुखदेव को याद किया गया। इस दौरान वकीलों ने पाकिस्तान सरकार से मांग की कि सुखदेव को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित करना चाहिए।

ये सभी वकील भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन से जुड़े हैं, जिसका गठन शहीदों की याद में किया गया था। हाईकोर्ट के वकीलों ने बुधवार को सुखदेव की 117वीं जयंती के मौके पर लाहौर हाईकोर्ट परिसर में केक काटकर सुखदेव की जयंती मनाई। इस मौके पर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मांग की गई कि सुखदेव के नाम पर लाहौर में एक सड़क बनाई जानी चाहिए। इसके अलावा सुखदेव के नाम पर डाक टिकट और स्कूली किताबों में उन पर एक चैप्टर शामिल किया जाना चाहिए।

सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। भगत सिंह फाउंडेशन के चेयरमैन इम्तियाज रशीद कुरैशी ने कहा कि हम लोग इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती और पुण्यतिथि को मनाते हैं। हमारी पाकिस्तान सरकार से मांग है कि इन लोगों के बलिदानों को समझते हुए उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित किया जाए।

बता दें कि 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर में फांसी दी गई थी। आज भी भगत सिंह के नाम पर लाहौर में स्मारक है। भगत सिंह को पहले उम्रकैद की सजा मिली थी, लेकिन फिर साजिश



के तहत उसे फांसी में बदल दिया गया था। भगत सिंह का सम्मान भारत में ही नहीं पाकिस्तान में किया जाता है। भगत सिंह फाउंडेशन ने पीएम शहबाज शरीफ से मांग की कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को राष्ट्रीय नायक घोषित किया जाए।

# आईपीएल में मुंबई और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला आज

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुकाबला होगा। मुम्बई पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर अंक तालिका में नौवे स्थान पर आना रहेगा। अभी मुम्बई की टीम दसवें और अंतिम स्थान पर है। ये मैच एक प्रकार से औपचारिकता है। ऐसे में मुम्बई की टीम इसमें उन खिलाड़ियों को भी अवसर दे सकती है जिन्हें अभी तक इस सत्र में खेलने का अवसर नहीं मिला है। इसमें अर्जुन तेंदुलकर और कुमार कार्तिकेय जैसे खिलाड़ी हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस बार टीम पूरी तरह से विफल रही है और उसके बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर पाये। स्वयं हार्दिक का प्रदर्शन भी खराब रहा है। वहीं दूसरी ओर केएल राहुल की सुपर जायंट्स भी आईपीएल से बाहर होने की कगार पर है। उसे अगर अपनी हल्की सी भी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो ये मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके बाद भी कोई अजूबा ही उसे शीर्ष 4 में जगह दिला सकता है। लखनऊ के बल्लेबाज और गेंदबाज इस सत्र में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वहीं आईपीएल इतिहास के सबसे तेज गेंदबाज बने मयंक यादव के बाहर होने से भी उसकी गेंदबाजी कमजोर हुई है। लखनऊ को अगर ये मैच जीतना है तो राहुल, क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े स्कोर बनाने होंगे। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई और यश ठाकुर को मुम्बई के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, ऐसे में जीत के लिए यहां बड़ा स्कोर बनाना होगा। यहां पर बल्लेबाज जमकर रन बनाते हैं। छोटा मैदान होने की वजह से वानखेड़े स्टेडियम में जमकर चौके-छक्के भी लगते हैं। यहां आम तौर पर बड़े स्कोर वाले मैच देखने को मिलते हैं। इसके अलावा स्पिनरों को भी पिच पर थोड़ी सहायता मिलती है। स्पिनर यहां बल्लेबाजों को परेशान करते हुए भी दिखते हैं। इसके बाद भी मुंबई और लखनऊ के बीच बड़े स्कोर वाला




मैच देखने को मिलेगा।

आईपीएल इतिहास में मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 117 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 64 दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने मुकाबले जीते हैं। यहां पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहता है। मुम्बई की ओर से रोहित शर्मा भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में वह अपने घरेलू मैदान पर लय हासिल करना चाहेंगे, हार्दिक भी गेंद और बल्ले से अच्छा योगदान देना चाहेंगे। सूर्यकुमार यादव ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह अपनी लय बनाये रखना चाहेंगे। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह के अलावा किसी ने भी प्रभावित नहीं किया है।

### टीम

**मुंबई इंडियंस** -हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** -लोकेश राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, दीपक हुड्डा, आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, शमार जोसेफ, यश ठाकुर, मणिमारन सिद्धार्थ, प्रेरक मांकड़, अरशद खान, कृष्णप्पा गौतम, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, नवीन-उल-हक, देवदत्त पडिक्कल, युद्धवीर सिंह चरक, मयंक यादव और अर्शिन कुलकर्णी।

# फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने लिया संन्यास, बोले- नए लोगों को मौका देने का समय है



### – 6 जून को खेलेंगे अपना अंतिम मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। छेत्री ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिये की है। छेत्री के अनुसार वह अपना अंतिम मैच 6 जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन मुकाबले में खेलेंगे। 39 साल के छेत्री ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कारने के साथ ही अपना पहला गोल भी किया था। छेत्री ने अपने दो दशक के करियर में 145 मैच खेलते हुए 93 गोल दागे हैं। छेत्री अब सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और सर्वाधिक कैप्ड खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहेंगे। वह अभी सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। छेत्री ने संन्यास की घोषणा करने के दौरान अपने डेब्यू से लेकर अपने पूरे करियर में बताये समय को भी याद किया और भावुक भी हो गये। उन्होंने अपना एक वीडियो भी जारी किया। इसमें उन्होंने अपना सफर दिखाया। उन्होंने अपने करियर में कुल 6 बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीते हैं। इसके अलावा 2011 में उन्हे अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्म श्री पुरस्कार मिला था। अंतरराष्ट्रीय मंच पर छेत्री एएफसी में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों में शामिल रहे हैं। 2008 में चैलेंज कप, 2011 और 2015 में सैफ चैंपियनशिप, 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप, साथ ही 2017 और 2018 में इंटरकांटिनेंटल कप खेला था।

# सीएसके के खिलाफ मैच नहीं हो पाया तो आरसीबी होगी बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच 18 मई को बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच में बारिश का साया मंडरा रहा है। इस मैच में अगर बारिश हुई तो आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। शुरुआत में लगातार छह मैच हारने के बाद आरसीबी की टीम ने बाकि मुकाबले जीतकर अपनी संभावनाएं बनायी हैं। ऐसे में अब टीम दुआ करेगी कि बारिश न हो।

आरसीबी की टीम 13 मैच खेलने के बाद 12 अंक लेकर प्लेऑफ की हल्की सी उम्मीद कर रही है। अगर वह चेन्नई के खिलाफ अगर अपना अंतिम मैच जीत लेती है तो 14 अंकों पर पहुंचकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। इसके साथ ही नेट रन रेट ने अगर साथ दिया तो टीम अगले दौर में जगह भी बना लेगी पर अगर बारिश के कारण से मैच नहीं हो पाया तो वह बाहर हो जाएगी।

बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले इस मैच में बारिश की आशंका है जो मेजबान आरसीबी को खेल बिगाड़ सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बैंगलोर में 14 से 19 मई के बीच भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। सिर्फ बारिश ही नहीं बल्कि तूफान भी आने की आशंका है। ऐसे में अगर मौसम विभाग की चेतावनी सही निकली तो आरसीबी और सीएसके का मैच नहीं हो पाएगा। वहीं सीएसके की टीम के पास 13 मैच से 14 अंक हैं और वह बैंगलोर के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद अगर 1 अंक बांटती है तो उसके 15 अंक हो जाएंगे। ऐसे में उसके प्लेऑफ में जाने की संभावना रहेगी। वहीं आरसीबी की टीम 13 अंकों पर ही रहने के कारण बाहर होगी।

# हरमनप्रीत को भारत सहित इन चार टीमों के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है भारतीय टीम इस साल अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही कहा कि भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी अंतिम चार में पहुंचेंगी। महिला टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। हरमनप्रीत के अनुसार हाल के समय में उनकी टीम ने बांग्लादेश का दौर किया है और उस अनुभव का लाभ भी टीम को विश्वकप में मिलेगा। इसमें भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में शामिल किया गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें हैं।



हरमनप्रीतम के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं क्योंकि इन सभी टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हरमनप्रीत ने कहा, 'क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं इसलिए उम्मीद है कि ये चारों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हराया था। हरमनप्रीत ने एक समारोह के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा जिसका मुकाबला करने के लिए हमारी टीम उत्साहित है क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमारा मनोबल बढ़ेगा इसलिए मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित हूं। हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान बांग्लादेश टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की सीरीज में शानदार जीत से टीम बेहतर हुई है।

# जुवेंटस ने अटलांटा को हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब जीता

रोम। जुवेंटस ने बुधवार को शुरुआती मिनटों में डुसान व्लाहोविक के गोल की बदौलत अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब हासिल किया। जुवेंटस ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीज़न में केवल एक बार खिताब जीता था। जुवेंटस ने मैच में स्वप्निल शुरुआत की। चौथे मिनट में ही डुसान व्लाहोविक ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। खिताबी जीत के बाद मुख्य कोच मैसिमिलियानो एलेग्री ने एक बयान में कहा, यह एक महत्वपूर्ण मैच था, फ़ाइनल खेलना हमेशा अद्भुत होता है। हम तीन कठिन महीनों से गुज़रे जो बहुत विकास के थे। जुवेंटस एक महत्वपूर्ण क्लब है और हमें वह मिला जो हमें चाहिए था, चैंपियंस लीग और कोपा इटालिया फाइनल खेलना शानदार था, जिन्हें जीतने के लिए लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया।



# फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे धोनी : रायुडू

### 42 की उम्र में लगा रहे चौके और छक्के

हैदराबाद। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि चेन्नई महेन्द्र सिंह के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी खेल रहे हैं। रायुडू ने कहा कि बढ़ती उम्र को देखते हुए धोनी ने पिछले कुछ साल में अपनी फिटनेस पर विशेष जोर दिया है क्योंकि वह जानते हैं कि 40 के दशक में सब कुछ इतना आसान नहीं रहता है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी विकेटकीपिंग करते हुए फिट नजर आते हैं। वह अनुभवी विकेटकीपर के रूप में सजग हैं और बल्लेबाजी के दौरान डेथ ओवरों में छक्के भी लगा रहे हैं। धोनी ने अब तक 13 मैचों में 226.26 की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। इस आईपीएल सत्र में उनका 68 का औसत चेन्नई के सभी बल्लेबाजों में सबसे अच्छा है। इस सत्र में वह केवल 2 बार आउट हुए हैं। धोनी ने इस सीजन में अब तक 12 छक्के लगाए हैं और इससे फिटनेस और पावर हिटिंग के प्रति उनका समर्पण है दिखता है। रायडू ने कहा, पिछले 2 वर्षों में वह जिम में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। वह काफी वजन उठा रहे हैं और साथ ही वह रिकवरी में भी काफी समय बिताते हैं। वह कोशिश करता है कि उसे चोट न लगे और वह अपनी मांसपेशियों और शरीर का ख्याल रखता है। सबसे अहम बात, मुझे लगता है कि वह काफी बल्लेबाजी कर रहा है और यही चीज उसे आगे ले जाती है और वह नेट्स में बहुत सारे छक्के लगाता है। धोनी के कारय ही टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी है।




# तेज गेंदबाज बनना चाहते थे उसेन बोल्ट, कहा- क्रिकेट मेरे खून में है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ।

बोल्ट ने इंटरव्यू में कहा, 'मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से एमबेस्डर के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का एमबेस्डर होना शानदार है।' अपने सात साल के करियर में 100 और 200 मीटर के विश्व रिकॉर्डधारी बोल्ट अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। पिछले कुछ महीने संगीत और फुटबॉल का अपना शौक पूरा करने के लिए दुनिया घूमने वाले बोल्ट को टीवी पर क्रिकेट और आईपीएल देखने का मौका नहीं मिला।

उन्होंने कहा, 'मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका लेकिन जब भी मौका मिलता है, मैं टी20 मैच देखता हूं।' उन्होंने कहा, 'यह मेरा पसंदीदा प्रारूप है। इसमें आपको मजबूत, तेज और अच्छी रणनीति बनाने में माहिर होना पड़ता है। इसमें टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है।' बोल्ट ने कहा, 'वेस्टइंडीज में टी20 और वनडे अभी भी लोकप्रिय है। लोगों को टेस्ट क्रिकेट उतना पसंद नहीं आता है। यह खेल की रफ्तार से जुड़ा है। आंद्रे रसेल जैसे बिग हिटर को देखने में मजा आता है। वेस्टइंडीज में टी20 क्रिकेट काफी लोकप्रिय है।'

बचपन के दिनों की क्रिकेट की उनकी यादों में वसीम अकरम की इनस्विंग यॉर्कर भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'बचपन में वसीम अकरम मेरे फेवरिट थे। इनस्विंग यॉर्कर की वजह से। कर्टनी वॉल्श और कर्टली एम्ब्रोज भी थे। अपने पिता की तरह मैं वेस्टइंडीज का समर्थक था लेकिन मुझे सचिन तेंदुलकर भी पसंद हैं। वह और ब्रायन लारा मेरे बचपन की यादों का हिस्सा है।' मौजूदा क्रिकेटरों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि विराट कोहली का कोई सानी नहीं।



# नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप में स्वर्ण और डीपी मनु ने जीता रजत




भुवनेश्वर। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स मीट के पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में 82.27 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आज यहां कलिंगा स्टेडियम में हुई स्पर्धा में डीपी मनु ने 82.06 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि उत्तम बालासाहेब पाटिल ने 78.39 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 82 मीटर का थ्रो किया, जबकि डीपी मनु ने 82.06 मीटर के थ्रो के साथ इवेंट की शुरुआत की, जो इस इवेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो भी रहा। वहीं, चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास में 82.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, इसके साथ ही उन्होंने इस इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया, लेकिन आखिरी के दो थ्रो उन्होंने छोड़ने का फैसला किया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना इस इवेंट में 75.49 मीटर थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद, 'मैंने कुछ दिन पहले दोहा में प्रतिस्पर्धा किया था। इसलिए, मैंने आखिरी दो थ्रो छोड़ने का फैसला किया। मैं अगले 10-12 दिनों में चेकिया में फिर से प्रतिस्पर्धा करूंगा। इतने लंबे समय के बाद भारत में प्रतिस्पर्धा करना अच्छा था। उन सभी प्रशंसकों को धन्यवाद जो आज हमारा समर्थन करने आए थे।' नीरज चोपड़ा ने पिछले सप्ताह दोहा में आयोजित डायमंड लीग 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान वह 88.36 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे थे। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा और किशोर जेना, दोनों एथलीटों ने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा पहले ही हासिल कर चुके है।

# और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा... विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान



**मुंबई (एजेंसी)।** इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैंलेजर्स बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जबाव दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया। संन्यास को लेकर कोहली ने कहा, 'हर खिलाड़ी के जीवन में एक समय आता है जब उन्हें संन्यास लेने का फैसला करना पड़ता है, लेकिन मैं अभी उस समय पर नहीं हूं। मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे मुझे बाद में पछतावा हो।' इसके बारे में मुझे पूरा भरोसा है मैं ऐसा नही करुंगा। कोहली ने आगे कहा की जब मेरा यहां पर काम पूरा हो जाएगा तो मैं चला जाउंगा और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा। कोहली ने कहा मैं जबतक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।

### आईपीएल के बारे में भी की बात

इसके अलावा, कोहली ने आईपीएल सीजन के बारे में भी बात की और कहा कि वह अपने बल्ले से प्रदर्शन कर रहे हैं और हर मैच में अपने टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। विराट कोहली ने इस सीजन में 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 155.16 है। इसके अलावा उन्होंने ऑरेंज कैप पर भी अपना कब्जा किया है। विराट ने इस सीजन हर मैच में अपने बल्ले से विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की है। वे टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं अगर उन्होंने अपनी फॉर्म को बनाए रखा।

# इटालियन ओपन : टेलर फिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव

रोम। विश्व के 5वें नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार रात अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फिट्ज को हराकर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने एक घंटे और 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में अपनी मजबूत सर्विस और त्रुटिहीन बेसलाइन खेल की बदौलत अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया। ज्वेरेव ने मैच जीतने के बाद एटीपी के हवाले से अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, यही वह शॉट है जिससे मैं या तो मैच जीतता हूं या हारता हूं। इसी तरह मेरा पूरा करियर रहा है। जब मैं उस शॉट को अच्छी तरह से मारता हूं, तभी मैं जीतता हूं। जब मैं इसे बहुत अच्छी तरह से नहीं मार रहा होता हूं, तब मैं हार जाता हूं। मैं अपने करियर में जिस शॉट पर सबसे अधिक काम कर रहा हूं, वह निश्चित रूप से मेरी सर्विस भी है। विश्व नंबर 5 ने उल्लेख किया कि इस पखवाड़े में उनकी अच्छी सर्विस ने उन्हें रैलियों में अधिक स्वतंत्र रूप से खेलने का मौका दिया है। ज्वेरेव ने कहा, यही आपको बेसलाइन से शायद थोड़ा अधिक जोखिम लेने की सुरक्षा देता है। यह किसी भी टेनिस खिलाड़ी के लिए सबसे महत्वपूर्ण शॉट है। टेलर इस साल क्ले पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। ऐसी जीत हासिल करना मेरे लिए बहुत अच्छा है। ज्वेरेव का अगला मुकाबला नंबर 29 एलेजांद्रो ताबिलो से होगा, जिन्होंने छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के खिलाफ दूसरे दौर में उलटफेर दर्ज किया।



# पेरिस 2024: शरत, मनिका ओलंपिक टीम पदार्पण में भारत का नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली : अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी' जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा। टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वतः' हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी।

मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई। बेंगलुरू की अर्चना ने अपनी रैंकिंग सहित कई मामलों में आयहिका (133) को पीछे छोड़ दिया। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वतः हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है। हालांकि दोनों ने टीम में जगह बनाई है लेकिन राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत को उनके अंतरराष्ट्रीय (जीत-हार का बेहतर रिकॉर्ड) और राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर एकल वर्ग के लिए चयनकर्ताओं की मंजूरी मिली।

बैठक में मासिमो कोस्टेंटिनी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे और उनकी सलाह उपयोगी रही होगी। कोस्टेंटिनी अगले सप्ताह तीसरी बार भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वह इस सप्ताह की शुरुआत में भारत पहुंचे। वैकल्पिक खिलाड़ी साथियान और आयहिका टीम के साथ पेरिस जाएंगे लेकिन आधिकारिक खेल गांव में नहीं रहेंगे। चोट लगने की स्थिति में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी।



### टीम इस प्रकार हैं :

**पुरुष :** शरत कमल, हरमीत देसाई, और मानव ठक्कर; वैकल्पिक खिलाड़ी: जी साथियान।

**महिला :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ; वैकल्पिक खिलाड़ी: आयहिका मुखर्जी।

# सरकार ने कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन किया

## - डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा

**नई दिल्ली ।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर गुरुवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। जुलाई 2022 में कच्चे तेल उत्पादकों और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर कर लगाया गया था। विंडफॉल टैक्स को हर दो सप्ताह में संशोधित किया जाता है। भारत ने जुलाई 2022 में कच्चे तेल उत्पादकों और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर टैक्स लगाना शुरू किया। इसका मकसद निजी रिफाइनर को नियंत्रित करना है, जो मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से फ़ायदा उठाने के लिए लोकल लेवल पर ईंधन बेचने के बजाय विदेशों में ईंधन बेचना चाहते थे। इस वजह से सरकार विंडफॉल टैक्स लागू करती है। विंडफॉल टैक्स का विस्तार गैसोलीन, डीजल और एटीएफ के निर्यात को कवर करने के लिए किया गया। कच्चे तेल की कीमतें बुधवार को अमेरिकी व्यापार में तीन महीने के निचले लेवल पर आ गईं। इस वजह से लगातार दूसरे सत्र में गिरावट आई, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस वर्ष वैश्विक मांग के लिए अपने दृष्टिकोण को कम कर दिया है। ऐसे घटनाक्रमों ने पिछले सप्ताह अमेरिका में कच्चे तेल के बड़े भंडार में कमी दिखाने वाले शुरुआती आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया। अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 2.2त्न गिरकर 72.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जो 26 फरवरी के बाद सबसे कम है, जबकि सत्र का उच्चतम स्तर 78.71 डॉलर रहा।

# मोबाइल रिचार्ज हो सकता है महंगा !: एयरटेल के सीईओ



**नई दिल्ली ।**

भारती एयरटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल विट्ठल ने कहा कि देश के दूरसंचार उद्योग में शुल्क दरें दुनिया के अन्य देशों की तुलना में 'काफी कम है। उन्होंने रिटर्न अनुपात बढ़ाने के लिए शुल्क दरों में बढ़ोतरी की वकालत की यानि कि मोबाइल रिचार्ज महंगा हो सकता है। एयरटेल के चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों के बारे में जानकारी देने के दौरान विट्ठल ने कहा कि वह वोडाफोन आइडिया की हाल की पूंजी वृद्धि को देखकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में सक्रिय तीन निजी कंपनियों के साथ देश में लोगों को अच्छी दूरसंचार सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि उद्योग को वास्तव में जिस रिटर्न की आवश्यकता है, वह शुल्क दर में वृद्धि पर आधारित है। यह वास्तव में आज की समस्या के मूल में है। हमारी कीमत और शुल्क दरें दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से की तुलना में बेहद कम स्तर पर हैं। इसलिए, रिटर्न अनुपात में सुधार के लिए शुल्क दर को बढ़ाना जरूरी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह किस तकनीक से आता है। विट्ठल ने प्रतिद्वंद्वी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बड़े पैमाने पर कोष जुटाने के बारे में कहा कि वह यह देखकर खुश हैं कि वीआईएल ने पैसा जुटाया है और वह उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# सोने में तेजी, चांदी के भाव सर्वोच्च स्तर पर



## - सोने के वायदा भाव 73,150, चांदी लगभग 87,200 रुपए

**नई दिल्ली ।**

देश के सराफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। चांदी के वायदा भाव तो सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव 73,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में सुस्ती, जबकि चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 26 रुपये की तेजी के साथ 73,128 रुपये के भाव पर खुला और 28 रुपये की गिरावट के साथ 73,074 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की तेजी के साथ 86,963 रुपये पर खुलने के बाद 323 रुपये की तेजी के साथ 87,188 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,391.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,394.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,393.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.90 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.72 डॉलर था। इस समय यह 0.08 डॉलर की तेजी के साथ 28.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पेट्रोल और डीजल नोएडा में महंगा, चंडीगढ़ में सस्ता हुआ

## - कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए भाव अपडेट कर दिए हैं। गुरुवार को भी देश भर के अलग-अलग शहरों में ईंधन की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, कुछ शहरों व राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में घटे और बढ़े जरूर हैं। जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब और असम समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। वहीं तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, केरल और समेत अन्य प्रदेशों में दाम बढ़े हैं। गुरुवार को दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.35 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.05 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 101.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर और लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

# अडाणी एनर्जी ने एस्सार की महान-सीपत ट्रांसमिशन संपत्ति का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली ।**

अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 1,900 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एस्सार की महान-सिपत ट्रांसमिशन संपत्तियों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी बयान के अनुसार शेयर अधिग्रहण जून 2022 में हस्ताक्षरित निश्चित समझौतों के तहत हुआ। बयान में कहा गया कि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने 1,900 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य के लिए आवश्यक नियामक तथा अन्य अनुमोदन हासिल करने के बाद एस्सार ट्रांसको लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली। इस अधिग्रहण में मध्य प्रदेश में महान को छत्तीसगढ़ में सिपत पूलिंग सबस्टेशन से जोड़ने वाली पूरी तरह से चालू 400 केवी, 673 सर्किट किलोमीटर अंतर-राज्य 'ट्रांसमिशन लाइन' शामिल है। यह परियोजना केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) विनियमित रिटर्न ढांचे के तहत संचालित होती है और 22 सितंबर 2018 को शुरू की गई थी। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन स्टेप टू लिमिटेड ने 1,900 करोड़ रुपये में एस्सार ट्रांसको लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है।




महान-सीपत ट्रांसमिशन नेटवर्क के अधिग्रहण से मध्य भारत में 3,373 सर्किट किलोमीटर की चार परिचालन परिसंपत्तियों के साथ एईएसएल की उपस्थिति मजबूत होगी।

## अब श्रीलंका में भी कर सकेंगे यूपीआई से भुगतान

**नई दिल्ली ।**

फोनपे ने अपने ग्राहकों के लिए नई सर्विस शुरू की है, जिसकी मदद से श्रीलंका जाने वाले भारतीय भी फोनपे ऐप की मदद से आसानी से यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। फोनपे ने लंकापे के साथ साझेदारी करने का ऐलान किया है। इससे कंपनी के यूजर्स को श्रीलंका में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) पेमेंट करने की सुविधा मिलेगी। श्रीलंका की यात्रा करने वाले सैलानियों को ये बहुत फायदा देगा। वो आसानी से फोनपे के जरिए लंकापे के क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस सर्विस के शुरू होने के बाद फोनपे ग्राहकों को लंकापे क्यूआर कोड को स्कैन करने में मदद मिलेगी और वह सुरक्षित तरीके से तुरंत पेमेंट कर सकेंगे। इसका एक और फायदा होगा कि इसके लिए उन्हें करेंसी एक्सचेंज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन श्रीलंका में ट्रांजेक्शन करने पर रुपए और श्रीलंका करेंसी के बीच की विनिमय दर यानी एक्सचेंज रेट का पेमेंट उन्हें करना होगा। फोनपे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि फोनपे और लंकापे के सहयोग से भारतीय यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। वे अब यात्रा करते समय और लंका पे क्यूआर का उपयोग करके वहां सर्विसेस और गुड्स के लिए भुगतान कर सकेंगे।




## जिंदल स्टील का चौथी तिमाही का मुनाफा 30 प्रतिशत घटा

**मुंबई ।** वित्त वर्ष 2023-24 में जिंदल स्टील का मुनाफा 2,693.48 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 2,083.83 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय पिछले वित्त वर्ष के 35,823.32 करोड़ रुपये से अधिक यानी 38,731.59 करोड़ रुपये रही। जिंदल स्टेनलेस का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का मुनाफा 30 प्रतिशत घटकर 500.65 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 716.29 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 9,509 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 9,803.01 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का खर्च एक साल पहले के 8,885.45 करोड़ रुपये के मुकाबले 8,805.55 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर दो रुपये के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 2,693.48 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 2,083.83 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय पिछले वित्त वर्ष के 35,823.32 करोड़ रुपये से अधिक 38,731.59 करोड़ रुपये रही।

## भारत एथिलीन ऑक्साइड टेस्टिंग के लिए सख्त मानक लागू करने की तैयारी में

**नई दिल्ली ।**

एथिलीन ऑक्साइड एक बहु-उपयोगी रसायन है। इसका इस्तेमाल कीटाणुनाशक, उपकरणों को पूरी तरह से जीवाणुरहित करने और मसालों में मौजूद छोटे जीवों को मारने के लिए किया जाता है। मगर, ज्यादा मात्रा में सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है, यहां तक कि कैंसर का खतरा भी बढ़ा सकता है। इसीलिए, हर देश ने मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा को सीमित करने के लिए अलग-अलग नियम बनाए हैं। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही एथिलीन ऑक्साइड टेस्टिंग के लिए सख्त मानक लागू करने की तैयारी में है। भारतीय मसालों की सुरक्षा और क्वालिटी तय करने के लिए मसाला बोर्ड ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह कदम सिंगापुर और हांगकांग द्वारा एवरेस्ट और एमडीएच द्वारा बेचे जा रहे कुछ मसालों की बिक्री पर रोक लगाने के बाद उठाए गए हैं। इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नामक कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक की मात्रा अधिक थी। अधिकारी ने बताया` कि मसाला बोर्ड ने 130 से अधिक निर्यातकों और संघों के साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच और भारतीय मसाला और खाद्य पदार्थ निर्यातक संघ शामिल हैं। इस समस्या का मूल कारण जानने के लिए एक तकनीकी-वैज्ञानिक समिति का गठन किया गया। इस समिति ने प्रोसेसिंग सुविधाओं का निरीक्षण किया और मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए नमूने भी एकत्र किए। भारत ने हाल ही में दो अहम कदम उठाए हैं। पहला, मसाला निर्यात की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना। सिंगापुर और हांगकांग को भेजे जाने वाले सभी मसालों को अनिवार्य रूप से अवशेषों के लिए परीक्षण किया जाएगा। साथ ही निर्यातकों को एथिलीन ऑक्साइड ट्रीटमेंट के सही तरीके के बारे में फिर से बताया गया है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

## सेंसेक्स 677 अंक, निफ्टी भी 203 अंक उछला

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस में खरीदारी में खरीददारी से आई है। इसके अलावा अमेरिकी और एशियाई बाजारों में आये उछाल से भी भारतीय बाजार को बल मिला है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 676.69 अंक करीब 0.93 फीसदी की बढ़त के साथ ही 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी भी 203.30 अंक तकरीबन 0.92 फीसदी ऊपर आकर 22,403.85 अंक पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार मजबूत वैश्विक रुझानों के कारण ही घरेलू बाजार में ये उछाल आया है। अमेरिकी मुद्रास्फीति के कमजोर आंकड़ों से भी बाजार पर प्रभाव आया है। निर्यात बढ़ने से भी व्यापक बाजार में बढ़त आई है। इसी कारण बैंकिंग, आईटी जैसे क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर ऊपर आये जबकि दूसरी ओर मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरे। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग लाभ के साथ बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार में गिरावट के साथ कारोबार हुआ है। वॉल स्ट्रीट बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 2,832.83 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी। बेंचमार्क इंडेक्स इस शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के लिए खुले रहेंगे। इसका कारण है कि एनएसई किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के लिए टेस्टिंग करना चाहता है। इस शनिवार को स्पेशल सेशन दो पार्ट में होंगे। पहला स्पेशल सेशन सुबह 9ः15 बजे शुरू होगा और 10 बजे तक चलेगा। वहीं, डिजास्टर रिकवरी साइट से दूसरा सत्र 11ः45 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगा। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले



आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले शानदार संकेतों की वजह से घरेलू बाजारों में तेजी आई। सेंसेक्स 306 अंक बढ़कर 73,293 के स्तर पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 50 90 अंक बढ़कर 22,300 अंक के करीब 22,290 पर पहुंच गया। टेक एम में 2 फीसदी की तेजी आई और यह सेंसेक्स सूचकांक में टॉप पर रहा। इसके बाद विप्रो, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, इंफोसिस, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील का स्थान रहा। वहीं पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और एनटीपीसी के शेयर आज सबसे ज्यादा गिरे। व्यापक बाजारों में, एसएंडपी बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में क्रमशः 0.44 फीसदी और 0.68 फीसदी की बढ़त हुई।

## भारती एंटरप्राइजेज से 50 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करेगा बीआईआरईटी

**नई दिल्ली ।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट (बीआईआरईटी) ने भारती एंटरप्राइजेज से चार प्रमुख परिसंपत्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की गुरुवार को घोषणा की। बयान में कहा गया कि वाणिज्यिक संपत्तियों का उद्यम मूल्य करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है। इसके साथ ही भारती 8.53 प्रतिशत की स्वामित्व हिस्सेदारी के साथ बीआईआरईटी में दूसरी सबसे बड़ी इकाई धारक बन जाएगी। इसमें कहा गया` कि ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने भारती एंटरप्राइजेज से चार ग्रेड ए परिसंपत्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिग्रहण में 6,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर कुल 33 लाख वर्ग फुट की मार्की वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं।

## एसबीआई ने एफडी दर 75 आधार अंक तक बढ़ाई




**नई दिल्ली ।** देश के प्रमुख भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर 75 आधार अंक तक बढ़ाई है। यह फैसला अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हो गई हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं। सात दिन से शुरू होकर 210 दिन तक की तीन परिपक्वता अवधि के लिए ब्याज दर 10 से 25 आधार अंक के बीच बढ़ाई गई है। वहीं एक साल से शुरू होकर तीन साल तक की लंबी अवधि की सावधि जमाओं पर 20 आधार अंक से 25 आधार अंक के बीच ऊंची ब्याज दरें होंगी।

# अप्रैल में देश से निर्यात 5 महीने में सबसे कम

## - वस्तु आयात 10.25 फीसदी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली ।**

लाल सागर संकट जैसे भू-राजनीतिक तनाव और जिंसों की कीमतों में नरमी से इस साल अप्रैल में भारत से वस्तु निर्यात का मूल्य घटकर 5 महीने में सबसे कम रहा। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में भारत से वस्तु निर्यात पिछले साल अप्रैल की तुलना में 1 फीसदी घटकर 34.99 अरब डॉलर रहा। मगर वस्तु आयात 10.25 फीसदी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पहुंच गया। निर्यात घटने और आयात बढ़ने के कारण व्यापार घाटा उछलकर 19.1 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले पांच महीनों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। आयात में इजाफे का असली कारण पेट्रोलियम उत्पाद हैं। देश के कुल आयात में पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी करीब 32 फीसदी है। इस साल अप्रैल में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करीब 20 फीसदी बढ़कर 16.64 अरब डॉलर रहा। सोने का आयात भी तीन गुना होकर 3.1 अरब डॉलर पहुंच गया। इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात इस साल अप्रैल में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 10 फीसदी बढ़कर 7.05 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम और रत्नाभूषण के अलावा माल का आयात 2 फीसदी बढ़कर 32.72 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम और रत्नाभूषण के अलावा होने वाले निर्यात से ही देश के निर्यात की स्थिति का सही पता चलता है। इस श्रेणी के उत्पादों का निर्यात इस साल अप्रैल में 1.32 फीसदी बढ़कर 26.77 अरब डॉलर रहा। कुल मिलाकर अप्रैल 2024 में देश के 30 क्षेत्रों में से 17 के उत्पादों का निर्यात घटा है। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चार महीने तक सकारात्मक वृद्धि रही। इसके बाद प्रमुख बाजारों में मांग कमजोर होने और लाल सागर में संकट के कारण माल की आवाजाही प्रभावित होने से इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात घटा है। उन्होंने कहा` कि हाल के हफ्तों में वैश्विक आर्थिक तस्वीर सुधरती दिखी है, जिससे व्यापार बढ़ना चाहिए। इस साल अप्रैल में सेवाओं का निर्यात 14.3 फीसदी बढ़कर 29.57 अरब डॉलर रहा और उनका आयात 21.5 फीसदी बढ़कर 16.97 अरब डॉलर हो गया, जिससे इस श्रेणी के निर्यात में 12.6 अरब डॉलर का अधिशेष है। मगर अप्रैल का सेवा निर्यात का आंकड़ा अनुमानित है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक से आने वाले आंकड़ों के आधार पर संशोधित किया जाएगा।

## आईईएक्स का मुनाफा 9.5 प्रतिशत बढ़कर 96.7 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली ।**

इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 9.5 प्रतिशत बढ़कर 96.7 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 88.34 करोड़ रुपये था। आईईएक्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 149.28 करोड़ रुपये हो गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 129.58 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में खर्च 22.65 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले समान अवधि में 19.52 करोड़ रुपये था। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 14.7 प्रतिशत बढ़कर 350.78 करोड़ रुपये हो गया। आय बढ़कर 550.84 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.50 रुपये के अंतिम लाभांश की घोषणा की है। इस मौके पर श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि यूपीआई पेमेंट दोनों देशों के लिए डिजिटल साझेदारी का एक जरिया है। ये बड़े लक्ष्य तक पहुचने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डिजिटल भुगतान ऐप फोनपे ने भारत में अगस्त 2016 में काम करना शुरू किया था। इसके 52 करोड़ से अधिक यूजर्स हैं। इस प्लेटफॉर्म पर 3.8 करोड़ कारोबारी भी रजिस्टर्ड हैं जो डिजिटल पेमेंट स्वीकार करते हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in